रविवार, 21 सितम्बर 2025

**मौसम**


तापमान 26 – 33
आर्द्रता 75% सूर्योदय: 5:25
सूर्यास्त: 17:36

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



त्योहार की तैयारियों में व्यस्त, मूर्ति कलाकार देवी दुर्गा को अंतिम रूप देते हुए।

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** अपनों के साथ चलें या न चलें, लेकिन अपनों के खिलाफ भी न चलें।

# ट्रंप ने एच1बी वीजा शुल्क 1 लाख डॉलर किया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 1 लाख अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया जाएगा। ट्रंप के इस कदम से अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। व्हाइट हाउस के स्टाफ सचिव विल शार्फ ने कहा कि एच1बी गैर-प्रवासी वीजा कार्यक्रम देश की वर्तमान आव्रजन प्रणाली में सबसे अधिक दुरुपयोग की जाने वाली वीजा प्रणालियों में से एक है। उन्होंने कहा कि इससे उन उच्च कुशल कामगारों को अमेरिका में आने की अनुमति दी जाती है जो उन क्षेत्रों में काम करते हैं जहां अमेरिकी काम नहीं करते। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि 1 लाख डॉलर का शुल्क यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया गया है कि देश में लाए जा रहे लोग वास्तव में अत्यधिक कुशल हों और अमेरिकी कामगारों का स्थान नहीं लें। इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी कामगारों की सुरक्षा और यह सुनिश्चित करना है कि कंपनियों के लिए 'वास्तव में असाधारण लोगों' को नियुक्त करने और उन्हें अमेरिका लाने का रास्ता साफ हो। ट्रंप ने वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक की मौजूदगी में ओवल ऑफिस में घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करते हुए कहा, 'हमें कामगारों की जरूरत है, हमें बेहतरीन कामगारों की जरूरत है और इससे यह सुनिश्चित होगा की ऐसा ही हो।'' लुटनिक ने कहा कि रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष 281,000 लोगों को प्रवेश मिलता है, तथा वे लोग औसतन प्रति वर्ष 66,000 अमेरिकी डॉलर कमाते हैं, तथा सरकारी सहायता कार्यक्रमों में शामिल होने की उनकी संभावना पांच गुना अधिक होती है।



## एच1बी वीजा के लिए 1 लाख डॉलर का शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू: व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने शनिवार को स्पष्ट किया कि एच1बी वीजा के लिए 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा, एच1बी वीजा शुल्क वृद्धि को कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन अगर यह शुल्क लागू रहता है, तो कुशल अंतरराष्ट्रीय कर्मचारियों को नियुक्त करने वाली कंपनियों को इस वीजा पर काम करने वाले किसी भी कर्मचारी के लिए छह साल तक हर साल 1 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना होगा। यह शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा।

## एच1बी वीजा पर नये प्रतिबंधों से मानवीय समस्याएं पैदा होने की संभावना: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भारत ने शनिवार को कहा कि एच1बी वीजा पर ट्रंप प्रशासन के नये प्रतिबंधों से मानवीय समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना है और उम्मीद जताई कि अमेरिकी अधिकारी इन ''व्यवधानों'' का उपयुक्त तरीके से समाधान करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका के इस कदम से परिवारों को होने वाली समस्याओं के कारण मानवीय संकट पैदा हो सकते हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार को उम्मीद है कि अमेरिकी अधिकारी इन व्यवधानों का उपयुक्त समाधान करेंगे।'' जायसवाल ने कहा कि इस कदम के ''समग्र प्रभावों'' का अध्ययन सभी संबंधित पक्षों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भारतीय उद्योग जगत भी शामिल है।

## अमेरिकी सांसद ने एच-1बी वीजा शुल्क को विवेकहीन बताया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** शुल्क लगाने के फैसले को विवेकहीन और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि यह कदम कुशल कामगारों को अमेरिका से दूर करने का प्रयास है, जिन्होंने अमेरिकी कार्यबल और नवाचार को मजबूत किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और अमेरिका में अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों और नए व्यवसायों के सृजन में बाधा आएगी। उनका कहना है कि अमेरिका को वैश्विक प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए अपनी आव्रजन नीति को आधुनिक बनाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ममता ने महालया से पूर्व तीन पूजा पंडालों का किया उद्घाटन

**कहा : 'महालया से पहले देवी प्रतिमा का नहीं, पंडाल का किया हैं उद्घाटन'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महालया से एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यभर में शारद उत्सव का शुभारंभ किया। शनिवार को लगातार बारिश के बावजूद उन्होंने कोलकाता के तीन प्रतिष्ठित पूजा पंडालों – हाथीबागान सर्वजनीन, टाला प्रत्यय और श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों को मौसम को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस बार, लगातार बारिश हो रही है। पंडाल घूमने निकलते समय सभी लोग छाता साथ रखें। इस मौसम में बहुत तेज फ्लू फैल रहा है। अगर बारिश में भीगेंगे तो पंडाल घूमने का आनंद कम हो जाएगा। ममता ने साफ किया कि महालया से पहले वह देवी प्रतिमा का उद्घाटन नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि मातृ प्रतिमा का उद्घाटन मैं महालया से पहले नहीं करती। आज सिर्फ पंडाल उद्घाटन करने आई हूं।



लेकटाउन के श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब के पूजा पंडाल के उद्घाटन में पहुंची मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का किया गया भव्य स्वागत

**मुख्यमंत्री ने पूजा आयोजकों की सराहना की**

मुख्यमंत्री ने आयोजकों की मुश्किलों का जिक्र किया और कहा कि बरसात और बिजली गिरने की वजह से पंडाल आयोजक चिंतित हैं। इसके बावजूद वे समय पर काम पूरा कर रहे हैं, क्योंकि अब तो षष्ठी तक पुरस्कार घोषणाएं हो जाती हैं। ममता ने डैम से पानी छोड़े जाने को लेकर भी अप्रत्यक्ष तौर पर डीवीसी पर निशाना साधा और कहा कि इससे कई इलाकों में जलजमाव की समस्या और बढ़ जाती है।

**ममता ने किया सतर्क**

मुख्यमंत्री ने बताया कि बदलते मौसम का असर उनकी सेहत पर भी पड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरा गला बैठा हुआ है, दर्द भी है। इस मौसम में सभी को संक्रमण हो रहा है। पंडाल घूमने से पहले सबको सतर्क रहना होगा।

# चिप हो या शिप हमें भारत में ही बनाने होंगे: प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

**भावनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अन्य देशों पर भारत की निर्भरता को उसका मुख्य दुश्मन बताया और आत्मनिर्भरता के मूल मंत्र पर जोर देते हुए कहा कि चिप हो या शिप...हमें भारत में ही बनाने होंगे। वह गुजरात में भावनगर के गांधी मैदान में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने कुल 34,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि भारत की सभी समस्याओं का एक ही समाधान है और वह है आत्मनिर्भरता। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत वैश्विक बंधुत्व की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और आज दुनिया में भारत का कोई बड़ा दुश्मन नहीं है, लेकिन सही मायनों में भारत का सबसे बड़ा दुश्मन अन्य देशों पर निर्भरता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस निर्भरता को सामूहिक रूप से पराजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विदेशी निर्भरता बढ़ने से राष्ट्रीय विफलता बढ़ती है। मोदी ने कहा, वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए, दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने आगाह किया कि दूसरों पर निर्भरता राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए खतरा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने भावनगर में किया रोडशो

## अमूल ने 700 से अधिक उत्पादों की कीमत घटाई

**नयी दिल्ली :** अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने शनिवार को घी, मक्खन, आइसक्रीम, पनीर, बेकरी और फ्रोजन स्नैक्स सहित 700 से अधिक उत्पाद पैक की खुदरा कीमतों में कमी की घोषणा की। कंपनी ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का फैसला किया है। नयी कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। मक्खन (100 ग्राम) का मूल्य 62 रुपये से घटाकर 58 रुपये, घी का मूल्य 40 रुपये घटाकर 610 रुपये प्रति लीटर, अमूल प्रोसेस्ड चीज ब्लॉक (1 किलो) 30 रुपये घटकर 545 रुपये और फ्रोजन पनीर (200 ग्राम) 95 रुपये कर दिया गया है। जीसीएमएमएफ का कहना है कि इस कदम से डेयरी उत्पादों की खपत में वृद्धि होगी, खासकर आइसक्रीम, पनीर और मक्खन में, क्योंकि भारत में इनकी प्रति व्यक्ति खपत अभी भी कम है।

## रेलवे बोर्ड ने पेयजल बोतल 'रेल नीर' की कीमत एक रुपये घटायी

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने अपने बोतलबंद पेयजल ब्रांड रेल नीर की कीमत में एक रुपये की कटौती की है। बोर्ड द्वारा शनिवार को जारी एक परिपत्र जिसे बोर्ड द्वारा शनिवार को जारी और सभी जोनल रेलवे व आईआरसीटीसी को संबोधित परिपत्र में कहा गया है, बोतलबंद पेयजल 'रेल नीर' की अधिकतम खुदरा कीमत में संशोधन किया गया है। अब एक लीटर की बोतल का मूल्य 15 से घटाकर 14 और 500 मिलीलीटर की बोतल का मूल्य 10 से घटाकर 9 कर दिया गया है। इसमें कहा गया है, ''रेलवे परिसरों और ट्रेनों में बेची जाने वाली आईआरसीटीसी/रेलवे द्वारा सूचीबद्ध अन्य ब्रांडों की पेयजल बोतलों की अधिकतम खुदरा कीमत भी संशोधित की जाएगी। अब एक लीटर की बोतल का मूल्य 15 से घटाकर 14 और 500 मिलीलीटर की बोतल का मूल्य 10 से घटाकर 9 किया गया है।'' परिपत्र में कहा गया है कि संशोधित कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी।

# भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक और प्रभावशाली जीत दर्ज करने उतरेगा

**दुबई :** भारत आज एशिया कप सुपर 4 मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगा और लक्ष्य अपनी स्पिन तिकड़ी के दम पर इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक और प्रभावशाली जीत दर्ज करना है। पिछले मैच में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम ने पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार किया था, जो इस बार भी जारी रहने की संभावना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की वापसी होगी, जबकि अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण स्पिन विभाग में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। अगर अक्षर फिट नहीं होते तो वाशिंगटन सुंदर या रियान पराग उनके विकल्प होंगे। पाकिस्तान की बल्लेबाजी कमजोर नजर आ रही है और उसके बल्लेबाज अभी तक स्पिन के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। प्रमुख खिलाड़ी शाहीन अफरीदी और फखर जमां हैं, जबकि सैम अयूब लगातार विफल रहे हैं। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव से टीम को रणनीतिक नेतृत्व और आक्रामक बल्लेबाजी की उम्मीद है। ओमान के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले संजू सैमसन और शुभमन गिल भी मध्यक्रम में अहम योगदान देंगे। मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।



## नेपाल: 'जेन जेड' ने ओली की गिरफ्तारी की मांग की

**काठमांडू :** 'जेन जेड' समूह ने आठ सितंबर को सरकार विरोधी-प्रदर्शनों के दौरान हुई गोलीबारी में कथित भूमिका को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी की शनिवार को मांग की। इस गोलीबारी में 19 लोग मारे गए थे। विरोध-प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले 'जेन जेड' समूह के सलाहकारों में से एक डॉ. निकोलस बुशल ने यहां संबाद दाबली में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि ओली, लेखक और काठमांडू के मुख्य जिला अधिकारी छवि रिजाल को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए, क्योंकि वे नया बानेश्वर में गोलीबारी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे, जिसमें 19 कार्यकर्ता मारे गए थे।

# गोयल 22 सितंबर को व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 22 सितंबर को व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका का दौरा करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल की इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाना है। मंत्री न्यूयॉर्क जाएंगे और उनके साथ मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी भी होंगे। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों का एक दल 16 सितंबर, 2025 को भारत आया था। इस दौरान व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई थी और इस संबंध में प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया था।

# जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकवादियों की तलाश तेज, घायल सैनिक ने दम तोड़ा

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के ऊधमपुर जिले के ऊंचाई वाले एक क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों को ठिकाने लगाने के लिए सुरक्षाबलों द्वारा शनिवार को तलाशी अभियान का दायरा बढ़ाए जाने के बीच गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए एक सैनिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उधमपुर के डूडू-बसंतगढ़ क्षेत्र और डोडा के भद्रवाह के बीच सेओज धार वन के कांजी में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के संयुक्त तलाशी दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी कर दी जिसमें एक सैनिक (लांस दफादार बलदेव) घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि घायल सैनिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के आसपास के क्षेत्र को रात के दौरान कड़ी घेराबंदी में रखा गया था और शनिवार सुबह तलाशी अभियान फिर से शुरू किया गया तथा आतंकवादियों का पता लगाने के लिए दिन के दौरान नये क्षेत्रों में भी तलाशी अभियान चलाया गया।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 सितम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या, 25:25 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 09:29 तक, योग : शुभा, 19:46 तक, सूर्योदय: 5:25, सूर्यास्त: 17:36, चन्द्रोदय : 04:46, चन्द्रास्त: 17:16, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 16:00 से 17:30

## साप्ताहिक : राशिफल
## 21-09-25 से 27-09-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते को आगे ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे और उन्हें खुशियां मिलेंगी। वैवाहिक जीवन जी रहे लोग परिवार और जीवनसाथी के बीच तालमेल बनाकर चले तो अच्छा रहेगा और अपनी वाणी पर संयम रखें। इस सप्ताह आपको धन को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन व्यर्थ के खर्चों पर लगाम लगाना होगा। शान शौकत के चक्कर में ना पड़ें। बिजनेस कर रहे लोगों को इस सप्ताह कमर तोड़ मेहनत करनी होगी तभी उन्हें कोई अच्छी डील मिलेगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। प्रेम जीवन में इस सप्ताह मनमुटाव बना रहेगा और आपसी समझदारी से ना चलने के कारण समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह आप अपने साथी पर भरोसा करेंगे और दोनों एक दूसरे की खूब केयर करेंगे। यह सप्ताह आपको धन के मामले में खुशियां देगा। अगर आप कोई लोन के लिए अप्लाई करेंगे तो वह भी आसानी से मिल जाएगा। आप किसी से किए हुए वादे को भी समय में पूरा कर सकते हैं, लेकिन निवेश संबंधी मामलों में थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने साथी से रिश्ते बेहतर बनाने की कोशिश में लगे रहेंगे। गृहस्थ जीवन में इस सप्ताह आपको धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है क्योंकि दोनों को एक दूसरे के साथ से आगे बढ़ाने में बेहतर लाभ मिलेगा। धन के मामले में समय थोड़ा कमजोर रहेगा। करियर में इस सप्ताह उनन्ति देखने को मिलेगी। कोई नई नौकरी भी मिल सकती है। विद्यार्थी इस सप्ताह अपनी पढ़ाई पर ध्यान कम देंगे।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने साथी से कुछ तनाव हो सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ वाद-विवाद बढ़ने से रिश्तों में दूरियां आ सकती हैं और धन को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इस सप्ताह आपको आपका डूबा हुआ धन मिल सकता है। किसी योजना में निवेश करेंगे तो वह भी आपके लिए अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी की लॉन्ग टर्म के लिए खरीदारी करें तो बेहतर रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। सावधान रहें। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह आपसी समझदारी ना रहने के चलते झगड़े बढ़ेंगे। आपको इस सप्ताह अपने धन को कहीं इन्वेस्टमेंट के बारे में सोचना होगा। कोई वादा इस समय में ना करें। बिजनेस कर रहे लोगों को इस सप्ताह सचेत रहना होगा क्योंकि उन्हें धोखा मिलने की संभावना है। उनकी किसी योजना पर विराम भी लग सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को इस सप्ताह अच्छे लाभ मिलेंगे। उन्हें कुछ ट्रैवलिंग भी करनी पड़ सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने साथी से सोच विचार कर बोलना होगा। वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों को भी इस सप्ताह अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा और उन्हें उनके साथ ज्यादा समय बिताएं। धन को लेकर इस सप्ताह थोड़ा परेशान रहेंगे क्योंकि आपके सामने कुछ खर्च अचानक आएंगे, जो आपको परेशान करेंगे। करियर के लिहाज से सप्ताह मिलाजुला रहेगा। आपको सफलता पाने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को सप्ताह अपने साथी से कोई ऐसी बात नहीं बोलनी है जो समस्याओं को बढ़ाए। आप उनसे प्यार भरी बातें करें। गृहस्थ जीवन में इस सप्ताह कुछ लड़ाई-झगड़ा हो सकता है। इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से लिया हुआ धन भी वापस करने की कोशिश करेंगे। बिजनेस में आप इस सप्ताह कुछ नई योजनाओं पर काम कर सकते हैं। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ टेंशन लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की कुछ बातों पर गुस्सा आएगा। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक निजात मिलेगी। इस सप्ताह अपने धन को लेकर सतर्क रहना होगा। आपको खर्चों पर लगाम लगाने की जरुरत है। बिजनेस में आपको इस सप्ताह कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचना होगा। नौकरी में कार्यरत लोग इस सप्ताह किसी पॉलिटिक्स में ना पड़े नहीं तो इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह आपको सोच समझ कर काम करने होंगे। प्रेम जीवन में इस सप्ताह आपसी सामंजस्य न रहने के कारण तनाव रहेगा। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह आपको लड़ाई झगड़े सं बचना होगा। इस सप्ताह आप खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे। कोई लोन लेना है तो इस सप्ताह मत लें। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए आप बड़े सदस्यों से सलाह अवश्य लें। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी में आपको प्रमोशन मिल सकता है। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह खुशियां मिलेंगी। साथी के साथ रोमानी दिन व्यतीत कर सकते हैं। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने साथी को पूरा महत्व देंगे। आप इस सप्ताह अपने धन का सदुपयोग करें तो बेहतर रहेगा। इस सप्ताह परिवार के सदस्यों की जरूरत पर भी पूरा ध्यान देंगे लेकिन आपको कुछ धन निवेश में भी लगाना होगा। व्यवसाय में आपको अच्छा लाभ मिलेगा, लेकिन आपको किसी पर भरोसा करने से नुकसान हो सकता है।




**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियां लेकर आ रहा है। प्रेम जीवन जी रहे लोग एक दूसरे की खूब केयर करेंगे और उनके बीच प्रेम गहरा रहेगा। शादीशुदा लोग रिश्तों में चली आ रही अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको इस सप्ताह परिवार में किसी सदस्य की बीमारी आदि पर भी धन खर्च करना पड़ सकता है। निवेश करने से आपको बेहतर लाभ मिलेगा। इस सप्ताह करियर को लेकर आपको सावधान रहना होगा और आप अपने किसी काम को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़ें।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए जोश से भरपूर रहने वाला है। इस सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे, लेकिन थोड़ा सोच-समझकर बोलें। वैवाहिक जीवन में आपको अपने साथी के लिए समय निकालना होगा। आपको इस सप्ताह धन को लेकर ज्यादा टेंशन रहेगी क्योंकि आपके कुछ अनचाहे खर्च आपके सामने आ सकते हैं। आपकी कुछ पुरानी योजनाएं आपको लाभ तो देगी लेकिन खर्च भी उतने ही होंगे इसलिए आपको सावधान रहना होगा।

# अच्छी पुस्तक हमारी योग्य मार्गदर्शक और जीवन का पथ प्रदर्शक होती हैं : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अच्छी पुस्तक योग्य मार्गदर्शक बनकर सदैव हमारे जीवन का पथप्रदर्शक होती है और जीवन को आगे बढ़ाती है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित चौथे गोमती पुस्तक मेले के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही और उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने स्कूली छात्राओं और आंगनबाड़ी दीदीयों को पुस्तकें भेंट की। उन्होंने कहा, 'अच्छी पुस्तक योग्य मार्गदर्शक बनकर सदैव हमारे जीवन का पथप्रदर्शक होती है और जीवन को आगे बढ़ाती है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'अगले नौ दिन तक लखनऊ विश्वविद्यालय में पुस्तक मेला चलेगा और यहां आने वाले पाठक ज्ञान व साहित्य के महाकुंभ का अनुभव कर सकेंगे।' उन्होंने बच्चों और युवाओं से स्मार्टफोन पर समय कम बिताकर कम से कम एक घंटा रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने की अपील की। मुख्यमंत्री ने भारतीय मनीषियों और ऋषियों का उदाहरण देते हुए कहा, हमारे यहां याज्ञवल्क्य जैसे ऋषियों ने समाज को ज्ञान का मार्ग दिखाया।' उन्होंने याज्ञवल्क्य ऋषि और उनकी पत्नियों कात्यायिनी व



मैत्रेयी का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि ज्ञान की खोज जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की सराहना करते हुए कहा कि इसने लगातार गोमती बुक फेस्टिवल की परंपरा को आगे बढ़ाया है। इस वर्ष के मेले में ढाई सौ से अधिक स्टॉल हैं, जिनमें बाल रचनाकारों से लेकर प्रख्यात लेखकों की पुस्तकें विभिन्न भाषाओं में प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक भेंट की, जिसे प्रधानमंत्री द्वारा लिखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे इस पुस्तक के सभी बिंदुओं का अध्ययन करें तो किसी भी परीक्षा या प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करना आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए तक्षशिला विश्वविद्यालय, पाणिनी, सुश्रुत और ब्रह्मवेत्ताओं की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि तक्षशिला का नाम भगवान राम के भाई भरत के पुत्र तक्ष के नाम पर रखा गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ना और आगे बढ़ना भारत की परंपरा रही है और प्रधानमंत्री के विचार 'वेन सिटिजन रीड्स, कंट्री लीड्स' इसी संदेश का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि और तुलसीदास जी की मौलिक रचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मौलिक रचनाएं न केवल अमर होती हैं, बल्कि रचयिता को भी अमर बना देती हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अच्छी पुस्तकों का अध्ययन अवश्य करें।

## लातूर में भारी बारिश, 40 घंटे बाद पांच लोगों के शव मिले



**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर में भारी बारिश के बीच बहे पांच लोगों के शव लगभग 40 घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, सुदर्शन कर्बा घोनशेट्टी (27) मंगलवार सुबह खेतों से लौटते समय तिरु नदी में डूब गए। उसी दिन जलकोट तालुका में एक पुल के ऊपर से पानी का बहाव तेज होने के कारण ऑटोरिक्शा में सवार पांच लोग नदी की तेज धारा में बह गए थे। उन्होंने बताया कि बाद में उनमें से तीन को बचा लिया गया जबकि दो अन्य अब भी लापता हैं। अधिकारी ने बताया कि रात आठ बजे जब यह घटना घटी तब ऑटोरिक्शा मलहिप्परगा जा रहा था। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''घोशेट्टी, ऑटोरिक्शा चालक संग्राम सोनकांबले और यात्री विट्ठल गवले के शव बृहस्पतिवार को 40 घंटे की तलाशी के बाद बरामद किए गए। उदगीर निवासी वैभव पुंडलिक गायकवाड़ (24) और संगीता मुरहारी सूर्यवंशी (32) के शव डोंगरगांव झील में मिले।'' उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दमकल विभाग और पुलिस दल बचाव अभियान में जुटे हैं।

## पटना में जल मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए बिहार सरकार और आईडब्ल्यूएआई के बीच समझौता

**पटना :** पटना में शहरी जल परिवहन प्रणाली को आधुनिक व पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए बिहार सरकार के पर्यटन विभाग और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने शुक्रवार को गुजरात के भावनगर में एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पर्यटन विभाग के एक बयान में अनुसार केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और मनसुख मांडविया की मौजूदगी में 908 करोड़ रुपये की लागत से शहरी जल मेट्रो परियोजना के विकास को लेकर यह समझौता हुआ। इसमें कहा गया कि इस समझौता पत्र पर आईडब्ल्यूएआई के चेयरमैन सुनील कुमार सिंह और





बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंद किशोर ने हस्ताक्षर किए। परियोजना के तहत अत्याधुनिक हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कैटामारन जलयान 'एमवी निशाद-राज' संचालित किया जाएगा जो बैटरी और ईंधन दोनों तरीके में चलने में सक्षम होगा। लगभग 100 यात्रियों की क्षमता वाला यह जलयान पूरी तरह वातानुकूलित होगा। बिहार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने बताया कि यह परियोजना पटना में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी और शहरी परिवहन क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी।

## बलिया में प्रधानाध्यापक की हत्या का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया में विद्यालय से घर लौट रहे एक प्रधानाध्यापक की लूटपाट के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवरिया जिले के टोला नंदपुर कुकर घाटी निवासी नितीश कुमार सिंह उर्फ मोहन सिंह के रूप में हुई है। उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आलोक गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार रात उभांव थाना क्षेत्र में पुलिस जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस के पीछा करने पर आरोपियों ने पुलिस पर गोली चल दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली मोहन सिंह के दाहिने पैर में लग गई, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। हालांकि, उसका साथी विकास सोनकर मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया, 'पूछताछ में मोहन सिंह ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 16 सितंबर को उभांव थाना क्षेत्र में एक महिला अध्यापिका राधिका वर्मा के गले से सोने की चेन छीनी थी और उसी दिन प्रधानाध्यापक देवेंद्र प्रताप यादव और महिला अध्यापिका कंचन सिंह से भी लूटपाट की थी।

## बिहार: गयाजी के विष्णुपद मंदिर में पिंडदान करने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**गयाजी (बिहार) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को बिहार के गयाजी पहुंचीं, जहां वह विष्णुपद मंदिर में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पूजा-अर्चना करेंगी। गयाजी हवाई अड्डे पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य के मंत्री प्रेम कुमार ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति के गयाजी के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और उनके मोक्ष की कामना के लिए मंदिर में पिंडदान तथा जल तर्पण करेंगी। हर साल पितृ पक्ष के दौरान बड़ी संख्या में लोग अनुष्ठान करने के लिए विष्णुपद मंदिर आते हैं।



## झारखंड में कुर्मी आंदोलन के कारण रेल मार्ग अवरुद्ध, बड़ी संख्या में यात्री फंसे

**रांची :** झारखंड में कुर्मी समुदाय के सदस्यों ने अपने रेल रोको आंदोलन के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला रेलवे स्टेशन पर हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस को शनिवार को रोक दिया, जिससे सैकड़ों यात्री वहां फंस गए। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए प्रदर्शनकारी कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर झारखंड के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर ट्रेन परिचालन अवरुद्ध कर रहे हैं। प्रदर्शन के कारण अपनी बीमार बेटी से मिलने के लिए पुणे जा रही 61 वर्षीय मालती घोष नाम की एक यात्री रास्ते में फंस गयीं। मालती ने कहा, मेरी बेटी, जो पुणे में काम करती है, बीमार है। मुझे किसी भी तरह वहां पहुंचना है, क्योंकि उसके दोनों बच्चों को परेशानी हो रही है।





अधिकारी सिर्फ रेल परिचालन जल्द बहाल होने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि ट्रेन कब चलेगी। एक अन्य महिला यात्री शैलजा सिंह (56) ने कहा कि वह अपने पोते से मिलने रायपुर जा रही हैं, जो अस्पताल में भर्ती है। बिहार के भागलपुर की रहने वाली शैलजा भागलपुर और रायपुर के बीच सीधी रेल सेवा न होने के कारण कोलकाता से ट्रेन में सवार हुई थीं। उन्होंने कहा, केवल हम ही परेशान नहीं हो रहे हैं। इस विरोध-प्रदर्शन के कारण हजारों यात्री विभिन्न स्टेशन पर फंसे हुए हैं। आदिवासी कुर्मी समाज (एकेएस) के तत्वावधान में प्रदर्शनकारियों को रांची के मुरी और राय, पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला, गिरिडीह के पारसनाथ और बोकारो के चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर पटरियों पर बैठकर ट्रेन की आवाजाही बाधित करते हुए देखा गया। रांची के मुरी स्टेशन पर, टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस प्रदर्शन के कारण घंटों खड़ी रही, जिसके बाद उसे रद्द कर दिया गया। रविवार को पितृ तर्पण अनुष्ठान के लिए गयाजी जा रहे समीर दास (40) मुरी स्टेशन पर फंस गए हैं। दास ने बताया कि उन्होंने गयाजी में होटल बुक करने समेत सभी इंतजाम कर लिए थे। उन्होंने कहा, ट्रेन सुबह करीब सवा सात बजे मुरी स्टेशन पर पहुंची। हालांकि, विरोध-प्रदर्शन के कारण यह आगे नहीं बढ़ सकी। अब मैं यहां फस गया हूं, क्योंकि ट्रेन रद्द कर दी गई है। ट्रेन को रद्द किए जाने की घोषणा के बाद कई यात्रियों ने स्टेशन पर हंगामा किया। सेवानिवृत्त दूरसंचार कर्मचारी बिपिन बिहारी द्विवेदी (65) ने अपनी निराशा व्यक्त की।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में अतिसार के प्रकोप से दो लोगों की मौत, 70 से ज़्यादा बीमार

**दरभंगा (बिहार) :** बिहार में दरभंगा जिले के एक गांव में अतिसार के चलते एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है और 70 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। दरभंगा के 'सिविल सर्जन' अरुण कुमार ने बताया कि सारा मोहनपुर गांव में विशेष चिकित्सा शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले यहां बच्चों में लक्षण दिखाई दिए थे, लेकिन अब इससे अधिकांश ग्रामीण प्रभावित हैं। कुमार ने कहा, 'जिनकी हालत ज्यादा बिगड़ी है उन्हें सदर अस्पताल और दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। दीप लाल यादव की शुक्रवार रात मौत हो गई, जबकि लक्ष्मी देवी ने शनिवार को दम तोड़ दिया।' उन्होंने दावा किया कि स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने कहा, 'गांव के शिविर में पर्याप्त मात्रा में एंटीबायोटिक और कीटाणुनाशक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डॉक्टरों की टीम तैनात है। इसके अलावा दोनों अस्पतालों में अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था भी की गई है ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके।'

### झारखंड : मूर्ति विसर्जन के दौरान दामोदर नदी में दो युवक बहे, पुलिस दोनों की तलाश में जुटी

**बोकारो (झारखंड) :** झारखंड के बोकारो जिले में विश्वकर्मा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बिहार निवासी दो भाई दामोदर नदी की तेज धारा में बह गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, नदी में बहे दोनों युवकों की पहचान जहानाबाद जिले के निवासी राकेश कुमार (22) और अंकित कुमार (18) के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 'दोनों भाई करागली कॉलोनी स्थित अपने मामा के घर विश्वकर्मा पूजा के लिए आए थे। शुक्रवार सुबह दोनों भाई प्रतिमा विसर्जन के लिए जलशोधन संयंत्र के पास दामोदर नदी पहुंचे।' अधिकारी ने बताया कि इस दौरान नदी की तेज धारा में दोनों बह गए। उन्होंने बताया कि दोनों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया, 'घटना के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद उनके शव बरामद नहीं हो सके हैं। गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान जारी है।'

### 49 लाख से अधिक छात्रों के खाते में नीतीश कुमार ने विभिन्न योजनाओं के तहत भेजे 2,920 करोड़ रुपए

**पटना :** बिहार सरकार ने शनिवार को शिक्षा विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 49 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में 2,920 करोड़ रुपए भेजे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से संबंधित 958.79 करोड़ रुपए की 331 आधारभूत संरचना संबंधी परियोजनाओं की शुरुआत एवं उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान के अनुसार कुमार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 49,09,336 लाभार्थियों के बैंक खातों में 2,920 करोड़ रुपए अंतरित किए। बयान में कहा गया कि यह राशि शिक्षा विभाग की कई योजनाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों को दी गई है, जिनमें मुख्यमंत्री बालिका (इंटरमीडिएट उत्तीर्ण) प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजना और कन्या उत्थान योजना शामिल हैं। सीएमओ के अनुसार 426.10 करोड़ रुपए की 259 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया तथा 532.69 करोड़ रुपए की 72 नयी परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

### जयपुर के अस्पताल में आधुनिक सर्जरी के जरिये 60 वर्षीय व्यक्ति के हृदय का वाल्व बदला गया

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर स्थित एक निजी अस्पताल में एओर्टिक स्टेनोसिस नाम की गंभीर बीमारी से जूझ रहे 60 वर्षीय एक मरीज का 'इंट्रावस्कुलर अल्ट्रासाउंड' (आईवीयूएस) द्वारा निर्देशित 'ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन' (टीएवीआई) सफलतापूर्वक किया गया। चिकित्सकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। 'ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन', 'ओपन-हार्ट सर्जरी' की तुलना में संकुचित हृदय वाल्व (एओर्टिक स्टेनोसिस) को बदलने की अपेक्षाकृत एक आसान सर्जरी है जिसके तहत छोटे चीरे लगाए जाने से मरीज को कम दर्द होता है। 'इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड', एक उन्नत इमेजिंग प्रक्रिया है जो रक्त वाहिकाओं के अंदर की विस्तृत तस्वीरें बनाने के लिए उच्च-आवृत्ति वाली ध्वनि तरंगों का उपयोग करती है। यह सर्जरी, यहां राजस्थान अस्पताल में की गई। ओपन-हार्ट सर्जरी को मरीज के लिए उच्च जोखिम वाला माना गया क्योंकि उनकी पहले भी बाईपास सर्जरी हो चुकी थी। राजस्थान अस्पताल ने एक बयान में कहा कि अपेक्षाकृत आसान सर्जरी वाली इस प्रक्रिया में एक उन्नत ऊतक वाल्व का इस्तेमाल किया गया।

## वर्ग पहेली नं. 3214

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | 8 | ■ | | ■ | |
| 9 | | | 10 | ■ | 11 | | | | ■ |
| | ■ | 12 | | ■ | | ■ | | ■ | 13 |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | |
| 18 | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 22 | 23 | | | ■ | 24 |
| 25 | | 26 | 27 | ■ | | ■ | 28 | | |
| | ■ | 29 | | | | ■ | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 2) खुले में, 4) खचाखच, 7) खिंचा ; वृक्ष का धड़, 9) मोहक, 11) माँझी, 12) उबला हुआ चावल, 14) चौथाई, 15) गेहूँ ; सोना, 17) मधुर, 18) अरुणोदय की लाली; सूर्योदय, 19) बूँद, 20) परंतु, 22) सप्ताहान्त, 25) डरा हुआ, 28) भाड़ा, 29) लगान.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सकुशल, 2) प्रचलित दर, 3) व्यस्त, 5) सजगता, 6) शरीफ़, 8) इज़्ज़त के दो प्रतीक, 10) राय, 13) नक़ली; असत्यवादी, 14) पथरीला, 15) एक शस्त्र, 16) यात्रा का आहार, 17) एक राशि, 21) अपमान, 23) विस्तीर्ण, 24) अनुमान, 25) कुरूप, 26) एक पांडव, 27) पेंदा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | क | पू | त | ■ | अं | त | र्धा | न |
| नु | ■ | ठि | ■ | ह | र | जा | ना | ■ | क़ |
| भ | व | न | ■ | ल | ■ | म | ■ | द | ल |
| व | र्ग | ■ | आ | का | र | ■ | स | र्दी | ■ |
| ■ | फ | फूँ | द | ■ | ह | जा | म | ■ | म |
| बे | ल | ■ | त | ■ | म | ■ | त | र | ह |
| क़ | ■ | न | ■ | अं | त | रा | ल | ■ | त्व |
| द | बं | ग | ■ | दा | ■ | धे | ■ | ■ | ही |
| री | ■ | जा | य | ज़ा | ■ | य | क़ी | न | न |

## सुडोकू-पहेली-3171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 7 | | | 6 | 9 | 8 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | 5 | | 7 | | 8 | | |
| | | 9 | 2 | | | | 5 | |
| | | | | | 8 | 1 | | 6 |
| 2 | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सुडोकू पहेली - 3170 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 3 | 1 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 |

# ममता ने बंगाली प्रवासियों के उत्पीड़न पर चिंता जताई, विविधता में एकता पर दिया जोर

❑ **मुख्यमंत्री ने कहा... '15 लाख प्रवासी बंगाल में रहकर काम कर रहे'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विविधता में एकता के संदेश को रेखांकित करते हुए शनिवार को देश के कुछ राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी मजदूरों के कथित उत्पीड़न की खबरों पर चिंता व्यक्त की। ममता ने लेकटाउन इलाके में श्रीभूमि दुर्गा पूजा का उद्घाटन करते हुए भारत में सभी भाषाओं और संस्कृतियों के लिए परस्पर सम्मान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल में विभिन्न समुदाय मिलकर त्योहार मनाते हैं।



दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी एकजुट होते हैं, जो बंगाल की अनूठी भावना का प्रतीक है। कोई अपनी मां को मां कहता है, तो कोई 'अम्मा'। लेकिन प्रेम, सम्मान और बंधन एक ही रहता है। जैसा कि रामकृष्ण परमहंस ने कहा था, एक ही लक्ष्य तक पहुंचने के अलग-अलग रास्ते हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर कथित अत्याचारों की खबरों पर कहा कि मैं अपनी मातृभाषा का सम्मान करती हूं। दूसरों को भी बांग्ला का सम्मान करना चाहिए। बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंगाल के 22 लाख लोग राज्य के बाहर काम करते हैं, जबकि 1.5 करोड़ प्रवासी राज्य में रहते हैं और काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें बांटने की सभी साजिशों के खिलाफ एकजुट रहना चाहिए। वरना देश टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें याद रखना होगा कि बंगाल भारत का एक हिस्सा है और हमें बंगाल, बंगाली संस्कृति, गीतों और रचनात्मक कार्यों का सम्मान करना चाहिए।

❑ **पूजा के लिए बारिश मुक्त मौसम की कामना**

ममता बनर्जी ने खराब मौसम का जिक्र करते हुए कहा कि हमें सतर्क रहना होगा। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर झारखंड में बारिश होती है, तो बिहार और हमारा राज्य प्रभावित होता है। इसी तरह, अगर पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश होती है तो अक्सर जलाशयों के भर जाने के कारण यहां बाढ़ आ जाती है। बंगाल की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए हमें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आइए, बारिश रहित दुर्गा पूजा की कामना करें क्योंकि लाखों लोग इस उत्सव का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।


❑ **ममता तीन हजार से अधिक पूजा पंडालों का करेंगी उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि इस बार वह तीन हजार से अधिक पूजा पंडालों का उद्घाटन करेंगी, जिनमें ज्यादातर वर्चुअल माध्यम से होगा। महालया के दिन देवी पक्ष की शुरुआत पर उनके लिखे 17 गीत भी जारी होंगे।

# आज महालया, गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**कोलकाता, समाज्ञा**

आज देवीपक्ष यानी महालया की शुरुआत हो जाएगी। पूरे राज्य में देवी दुर्गा की आराधना शुरू हो जाएगी। इसे देखते हुए राज्य पुलिस और कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महालया के दिन गंगा घाटों पर सुचारू रूप से तर्पण हो सके, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। महालया की सुबह से ही कोलकाता सहित राज्य के विभिन्न जिलों के घाटों पर पुलिस बल तैनात रहेगा।



**ऐप लॉन्च करेगी कोलकाता पुलिस**

कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने कहा है कि दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोलकाता पुलिस ने एक विशेष मोबाइल ऐप तैयार किया है, जिसे जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। इस ऐप से श्रद्धालुओं को पूजा मंडप तक पहुंचने का मार्ग, आसपास के अन्य पंडालों की जानकारी, आपातकालीन संपर्क और हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध होंगे।

# ममता ने महालया से पहले पूजा पंडालों का उद्घाटन कर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाई : शुभेंदु

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा महालया की पूर्व संध्या पर शहर में तीन दुर्गा पूजा पंडालों का उद्घाटन करने के बीच विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को ममता बनर्जी पर हिंदू भावनाओं का अनादर करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ममता बनर्जी ने खुद को विघटनकारी एजेंट से कम साबित नहीं किया है, जो जानबूझकर अपनी संकीर्ण वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए हमारे सदियों पुराने हिंदू रीति-रिवाजों और भावनाओं को नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने



कहा कि पितृ पक्ष के आखिरी दिन, हिंदू कैलेंडर के अनुसार 15 चंद्र दिवसों का कालखंड, जो हमारे पूर्वजों के सम्मान एवं आदर के लिए समर्पित है, और जिसे आमतौर पर कुछ भी नया शुरू करने के लिए अशुभ माना जाता है, ऐसे में वह (बनर्जी) महालय से ठीक पहले दुर्गा पूजा पंडालों का बेशर्मी से उद्घाटन कर रही हैं। यह अज्ञानता नहीं, बल्कि सोची-समझी दुर्भावना है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह हिंदू संस्कृति और परंपराओं का अनादर है, और हमारी आस्था से इतर लोगों को खुश करने के लिए हमारे रीति-रिवाजों को कमजोर करने का एक जबरदस्त प्रयास है। बाद में, शुभेंदु अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने एक पूजा पंडाल में भीड़ को संबोधित करते हुए अपना सिर दुपट्टे से ढक लिया, जिससे लाखों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं।

# पूजा से पहले डीवीसी ने छोड़ा पानी, राज्य सरकार नाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा से ठीक पहले एक बार फिर राज्य में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। शुक्रवार को दामोदर वैली रेजर्वॉयर रेगुलेशन कमिटी (डीवीवीआरसी) के निर्देश पर दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने माईथन और पनचेत जलाशय से कुल 49 हजार 451 क्यूसेक पानी छोड़ा, जिससे राज्य में आपदा की आशंका बढ़ गई है। राज्य के सिंचाई मंत्री मानस भुइयां ने इस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पूजा के समय पर इस तरह पानी छोड़कर बंगाल को संकट में डालना चाह रहा है डीवीसी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार आपत्ति जताई है, लेकिन उनकी बातों को नजरअंदाज किया जा रहा है। झारखंड के तेनुघाट बांध से भी भारी बारिश के कारण पानी छोड़ा गया है, जो धीरे-धीरे पनचेत की ओर बढ़ रहा है। डीवीसी अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार को माईथन से 24 हजार और पनचेत से 26 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। माईथन बांध में जलस्तर 481.63 फीट और पनचेत में 410.01 फीट तक पहुंच चुका है, जो खतरनाक माने जाते हैं। डीवीसी ने स्पष्ट किया कि पानी छोड़ने की सूचना हर बार की तरह इस बार भी पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों को दी गई है। सिंचाई मंत्री भुइयां ने आरोप लगाया कि यह सब सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल की संयुक्त बैठक में डीवीसी को ऐसा कदम न उठाने की सलाह दी गई थी, फिर भी इसे नजरअंदाज कर पानी छोड़ा गया। इस पूरे विवाद पर डीवीसी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

# चीनी मांझा के खिलाफ अभियान, घोला से दो गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्वकर्मा पूजा के दिन पतंगबाजी के द्वारा पूर्व सैनिक की जान चीनी मांझे से चली गई थी। इसी कारण पुलिस के द्वारा तत्परता से चीनी मांझा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत उत्तर 24 परगना के घोला थाना क्षेत्र में पुलिस ने चीनी सिंथेटिक मांझे के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की। दोनों मामलों में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित चीनी मांझा जब्त किया गया है। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में बताया गया है कि पहला मामला घोला थाना केस संख्या 317/25, के तहत पुलिस ने सुजीत बर (32) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से विभिन्न रंगों के कुल 110 पीस चीनी मांझा थ्रेड रील (प्रत्येक लगभग 1200 गज), 10 पीस चीनी मांझा थ्रेड रील (प्रत्येक लगभग 2400 गज), तीन पीस चीनी मांझा थ्रेड रील (प्रत्येक लगभग छह हजार गज), सात लटाई (प्रत्येक लगभग दो हजार गज मांझा लिपटा हुआ) बरामद किया है। इसी प्रकार दूसरा मामला घोला थाना केस संख्या 318/25 में पुलिस ने रोहित विश्वास (65) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से विभिन्न रंगों की 17 चीनी मांझा रील बरामद की गई, जिनमें शामिल हैं पांच काली रंग की रील (प्रत्येक लगभग 2900 गज), तीन हरे रंग की रील (प्रत्येक लगभग 2400 गज), तीन हल्के पीले रंग की रील (प्रत्येक लगभग 2400 गज), तीन बैंगनी रंग की रील (प्रत्येक लगभग 2400 गज), एक लाल रंग की रील (लगभग 800 गज), एक भूरे रंग की रील (लगभग 800 गज), एक ग्रे रंग की रील (लगभग 800 गज)। दोनों मामलों में आरोपितों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 223/125 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15 के तहत गिरफ्तार किया गया है।


**PWD (GOVT. OF WB) TENDER NOTICE**

e-Tender of NIT No 13 of 2025-26 by the of E.E. Diamond Harbour Highway Division

EE, Diamond Harbour Hwy Div, Dakshin Hazipur, Diamond Harbour-743331 invites on line percentage rate e-tender whose ID No. 2025 SH_904341 1 to 22. The details can be obtained from the website https://wbtenders gov in & office notice board. Corrigendum or Addendum if issued will be published only on website previously mentioned Documents down load end date (online) & Bid submission. end date (online) will be 29.10.2025 upto 12 00 Hrs

Sd/-
EE.Diamond Harbour Highway Division
P.W.(Roads) Directorate, Govt. of WB

**Khanakul-II Panchayat Samity**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly

**NOTICE INVITING TENDER**

The EO Kh-II PS, **NIeT No.-36/E.O. Kh-II/2025-26, Date: 19.09.2025. Tender ID: 2025_ ZPHD_906916_1** for Drain. Last date of bids ends on **14.10.2025 up to 06:00 PM.** For detail visit **www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
EXecutive Officer
Khanakul-II Panchayat Samity

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) पश्चिम मध्य रेलवे/कोटा द्वारा टर्न की के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम में) भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से IREPS पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। निविदा IREPS पोर्टल पर दिनांक 10.10.2025 को 15:00 बजे बंद हो जायेगी तथा उसी दिन 15:30 बजे पर खोली जायेंगी:- **टेंडर नं.:** वरि.म.या.अभि/प.म.रे/कोटा/13-2025-26, **कार्य का विवरण:** कोटा-यात्री गाड़ियों के लिए कोटा स्टेशन पर सभी प्लेटफार्मों पर स्काडा आधारित त्वरित जल व्यवस्था में सुधार का कार्य, **अनुमानित लागत:** ₹ 8,45,38,521.66, **बयाना राशि:** ₹ 5,72,700.00, **कम्प्लीशन पीरियड:** 15 माह, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय:** 10.10.2025 at 15:00, **निविदा खुलने की दिनांक एवं समय:** 10.10.2025 at 15:30. **नोट:** रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर डाली गई ई-निविदा सूचना में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है। सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट से उतारा जा सकता है। **(हस्ता.)**

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा-क्रमांक: सी.ए.ओ./सी/बी.एस.पी./25-26/13 दिनांक: 12/09/2025. (ओपेन ई-टेंडर) (सिंगल पैकेट सिस्टम) **कार्य का नाम :** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में केंद्री, रायपुर जिला (छत्तीसगढ़) में मेगा कोचिंग टर्मिनल के विकास के लिए विस्तृत अनुमान, डिजाइन और ड्राइंग, बीओक्यू, निविदा दस्तावेज आदि सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का निर्माण।"
**निविदा मूल्य : ₹ 82,46,687.38/-।**
**अमानत राशि : ₹ 1,64,900.00/-।**
**निविदा दस्तावेज की लागत : शून्य।**
**कार्य पूरा होने की अवधि : 6 (छ:)** महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
**निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक : 08/10/2025** को **15:00** बजे तक।
**निविदा खोलने का समय एवं दिनांक : 08/10/2025** को **15:30** बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर - पिन: 495004, अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर, पिन-492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबन्धक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर-पिन: 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते है।

**उप मुख्य अभियंता/निर्माण**
**सीपीआर/10/331 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**

South East Central Railway @secrail


# नौकरी का झांसा देकर प्रताड़ना फिर हत्या, बारुईपुर कोर्ट ने तीन दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा**

नौकरी का झांसा देकर पहले प्रताड़ित किया। बाद में, महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। बारुईपुर उपजिला न्यायालय ने पांच साल पुरानी इस घटना में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने शुक्रवार को उनकी सजा का ऐलान किया। उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर, 2020 को जयनगर इलाके में एक नाले में एक महिला का कटा हुआ सिर बरामद किया गया था। शव कुछ दूरी पर मिला। जांच में महिला का नाम आलिया लस्कर बताया गया। कोरोना महामारी के दौरान महिला की नौकरी चली गई थी और वह विभिन्न नौकरियों की तलाश में थी। उस समय तीनों आरोपी उसे नौकरी का झांसा देकर एक किराए के मकान में ले गए। फिर, वे उसे वहां से उसे ले जाकर उसकी हत्या कर दी। शवबरामद होने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटना में शामिल होने के आरोप में फरमान लस्कर, अतियार रहमान और मोनिरा खातून को गिरफ्तार किया है। तीनों को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। गिरफ्तार लोगों पर घटना के गवाहों को धमकाने का भी आरोप है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुख्य आरोपी के तौर पर आरोप पत्र पेश किया। मुकदमा शुरू हुआ। अदालत ने 16 लोगों की गवाही ली। सभी सबूतों, गवाहों के बयानों और हत्या के कारणों की जांच के बाद, फास्ट ट्रैक कोर्ट ने तीनों को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने उन्हें कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### शिक्षक नियुक्ति घोटाले में कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

# मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा की जमानत याचिका पर फैसला मंगलवार को

❑ **न्यायपालिका पर मेरा विश्वास था, है और रहेगा : चंद्रनाथ सिन्हा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक नियुक्ति घोटाले मामले में राज्य के कारागार मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा की जमानत याचिका पर शनिवार को बैंकशाल अदालत में अहम सुनवाई हुई। हालांकि, अदालत ने निर्णय सुनाने को मंगलवार तक टाल दिया। दूसरी ओर, अदालत ने ईडी से जवाब तलब किया कि मार्च 2024 में मंत्री के आवास से 41 लाख नकद, मोबाइल फोन और कई दस्तावेज बरामद किए गए थे, तो उस समय गिरफ्तारी या हिरासत की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इस दिन, सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश



शुभेंदु साहा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तर्कों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पूछा कि आप पिछले 11 महीनों से क्या कर रहे थे? वहीं, ईडी के अधिवक्ता धीरज त्रिवेदी ने मंत्री को सात दिन की हिरासत में लेने की मांग करते हुए दलील दी कि बरामद नकदी और दस्तावेजों से कई संदिग्ध लिंक्स सामने आए हैं, जिनकी जांच के लिए हिरासत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि चंद्रनाथ सिन्हा राजनीतिक रूप से प्रभावशाली होने के कारण जांच में बाधा डाल सकते हैं। हालांकि, मंत्री के वकील ने इन दलीलों का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि देर से दस्तावेज जमा करने का आरोप निराधार है और ईडी अब अनावश्यक रूप से कार्रवाई की कोशिश कर रही है। सुनवाई के बाद, अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि सोमवार की सुबह 10:30 बजे मंत्री के वकील अपना हलफनामा दाखिल करेंगे और मंगलवार दोपहर 2 बजे जमानत याचिका पर आदेश सुनाया जाएगा। अदालत से बाहर निकलते समय चंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि न्यायपालिका पर मेरा विश्वास था, है और रहेगा।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-निविदा सूचना सं: MCF/ELECT/PR/03-2025 दिनांक: 17.09.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस, आधुनिक कोच फैक्ट्री, रायबरेली द्वारा भारतीय रेलवे के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से सक्षम एवं अनुभवी निविदाकारों से एकल पैकेट सिस्टम पर आधारित ओपन ई-निविदा निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है। (1) **कार्य का नाम:** पुरानी फर्निशिंग शॉप में ऑफिस केबिनों एवं पेण्ट शॉप के नजदीक स्टोर बिल्डिंग में एफआर पी सीलिंग तथा साइड वाल पैनल केबिनों के लिए विद्युतीय कार्य। (2) **कार्य स्थल:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली। (3) **अनुमानित लागत** (₹) 17,16,809.97 (4) **अग्रिम राशि:** (₹) 34,300.00 (5) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 09.10.2025 को 15:30 बजे। (6) **कार्य समाप्ति की अवधि** - छह महीने। (7) **नियम और शर्तें:** अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें **http://www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस एवं प्रोजेक्ट**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा सूचना सं. एमसीएफ-आरबीएल-एलपी-2025-01 दिनांक 18.09.2025 के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल पोर्टल www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कार्य क्षेत्र के अनुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में एक वर्ष के लिए दैनिक आधार पर मेडिसिन सर्जिकल कंज्यूमेबल लेबोरेटरी आइटम्स रिएजेंट्स एंड एक्स-रे फिल्म्स के स्थानीय खरीद की आपूर्ति के लिए फर्मों, स्टाकिस्टो एवं खुदरा विक्रेताओं के पंजीकरण का दर अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत** (₹) 30,00,000.00 **अमानत राशि:** (₹)60,000.00 • **निविदा प्रपत्र का मूल्य** - नि:शुल्क, **कार्य समापन की अवधि** - 12 माह, फर्म आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नजदीक स्थित होनी चाहिए।
- **ई-निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय** - दिनांक 09.10.2025 को 10:30 बजे तक।
- **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय** - दिनांक 09.10.2025 को 11:00 बजे तक।
- **ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की अवधि** - 18.09.2025 से 09.10.2025
- ई-निविदा सूचना और नियम एवं शर्तें वेबसाइट सं. http://www.ireps.gov.in और www.mcf/indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

**मण्डल चिकित्सा अधिकारी**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 43/ईटी./2025-26 दिनांक: 18.09.2025**

| क्र.सं | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15255236 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशिनिंग एण्ड प्रोविंग आउट ऑफ सीएनसी फाइवर लेजर कटिंग मशीन | 1 नग | 29.10.2025 |
| | | टोटल कास्ट ऑफ कॉम्प्रिहेंसिव एएमसी फॉर पांच वर्ष आफ्टर एक्सपायरी ऑफ वारंटी पीरिएड ऑफ टू ईयर | 1 नग | |
| 02 | 12251224ए | इमरजेंसी ब्रेक केवल बाक्स | 21466 नग | 10.10.2025 |
| 03 | 12251084ए | सेट ऑफ आइटम्स ऑफ एक्सेल माउंटेड डीएक्स ब्रेक सिस्टम फॉर फीएट बोगी ऑफ एसी एन्ड नॉन एसी कोचेज | 88 सेट | 09.10.2025 |
| 03 | 07251835 | इक्सट्रा हाई प्युरटी नाइट्रोजन गैस टू बी सप्लाईड इन पैक्स ऑफ 16 सिलेंडर | 312135 सीयूएम | 31.10.2025 |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 38/ईटी/2025-26 दिनांक 27.08.2025 | टेन्डर नं. **03251075ए** | निविदा खुलने की तिथि- 16.09.2025 के स्थान पर तिथि 07.10.2025 पढ़ें। |
| 02 | 42/ईटी/2025-26 दिनांक 12.09.2025 | टेन्डर नं. **04251248** | निविदा खुलने की तिथि- 19.09.2025 के स्थान पर तिथि 26.09.2025 पढ़ें। |

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर्नि.**
वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# निर्वाचन आयोग बिहार वाली गलती दोहराएगा तो राहुल बंगाल में आंदोलन का नेतृत्व करेंगे : प्रसेनजीत बोस

**कोलकाता, समाज्ञा**

कांग्रेस नेता प्रसेनजीत बोस ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया के दौरान 'बिहार में की गई गलतियों को दोहराता' है तो राहुल गांधी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। हाल में पार्टी में शामिल हुए अर्थशास्त्री और सामाजिक कार्यकर्ता बोस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण होने पर, संभवतः आगामी त्योहारी सीजन के बाद, भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का राजनीतिक पुनर्गठन होगा। बोस (51) ने एक साक्षात्कार में बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार में एसआईआर विरोधी आंदोलन में अग्रणी हैं और इस पक्षपातपूर्ण गतिविधि का उनके द्वारा किया गया खुलासा न केवल कांग्रेस को महत्वपूर्ण राजनीतिक समर्थन प्रदान करेगा, बल्कि समूचे 'इंडिया' गठबंधन के कार्यकर्ताओं को भी उत्साहित करेगा।

बोस ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि चुनाव आयोग बिहार के अनुभव से सबक नहीं लेता है तो वह पश्चिम बंगाल और असम, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी यही तरीका अपनाएंगे, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। पूर्व वामपंथी नेता ने कहा कि हालांकि तृणमूल कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार, तथा भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासियों के उत्पीड़न जैसे मुद्दे राज्य में चुनावी एजेंडे पर हावी रहेंगे, लेकिन प्रक्रिया शुरू होने के बाद एसआईआर के केंद्र में आने की संभावना है। बोस ने कहा कि एसआईआर के बाद राजनीतिक विपक्ष का पुनर्गठन, भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस द्वारा तृणमूल कांग्रेस से हाथ मिलाने के रूप में सामने आएगा या नहीं, यह पूरी तरह से यहाँ की सत्ताधारी व्यवस्था पर निर्भर करेगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक ने अपनी 'एकला चलो रे' नीति (अकेले चलने की) पर कायम हैं और आप कांग्रेस से सीटों के बंटवारे के लिए भीख मांगने की उम्मीद नहीं कर सकते।



कोलकाता: दुर्गा पूजा से पहले रंग-बिरंगे ग्रैफिटी से सजी दीवारें

# पांशकुड़ा अस्पताल कांड : महिला आयोग की टीम पहुंची अस्पताल

❑ **राज्य सरकार पर बोला हमला**

**पूर्व मेदिनीपुर :** पांशकुड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अस्थायी महिला स्वास्थ्य कर्मी से हुए दुष्कर्म के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को इसका संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की टीम मौके पर पहुंची। आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने अस्पताल के सुपर कौशिक ढाल से मुलाकात की और मामले की जानकारी ली। आयोग की टीम जल्द ही जिला पुलिस अधीक्षक से भी चर्चा करने वाली है। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए अर्चना मजूमदार ने कहा कि राज्य के एक अस्पताल की ये घटना नहीं है, बल्कि कई अस्पतालों में ऐसे कई जहीर अब्बास है जो ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इशारे-इशारे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इन सभी अपराधों के पीछे एक अदृश्य ताकत खड़ी है, जिनके संरक्षण में उन्हें ऐसी वारदातों को अंजाम देने का साहस मिल रहा है। मजूमदार ने कहा कि वह पुलिस अधीक्षक समेत कई लोगों से बात करेंगी। जहीर अब्बास जो इस मामले का मुख्य आरोपित है, उसने 14 साल की नाबालिक बच्ची के साथ भी ऐसे ही वारदात का अंजाम दिया था और जबरदस्ती उसका अबॉर्शन करवाया था। ये पॉक्सो का मामला है। वह जेल में भी रहा था बावजूद इसके उस पूरे मामले को दबाकर उसे अस्पताल में काम दिया गया। निश्चित तौर पर उसके सारे दस्तावेज मेरे पास है और इस बारे में सवाल पूछे जाएंगे।

### मंत्री मोलॉय घटक के बेटे की पीएचडी प्रवेश में गड़बड़ी का आरोप,

# छात्रों ने मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और सुप्रीम कोर्ट जज को किया घेराव

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मंत्री मोलॉय घटक के बेटे की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए शनिवार को बेलघाटा स्थित राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय में भारी हंगामा हुआ। छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलपति के इस्तीफे की मांग को लेकर कानून मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश दीपांकर दत्त को घेरकर रोक दिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह से ही कैंपस में तनावपूर्ण माहौल था। जैसे ही विश्वविद्यालय की जनरल काउंसिलिंग की बैठक शुरू हुई, छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस बैठक में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश दीपांकर दत्त और राज्य की कानून मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य भी मौजूद थीं।

छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय के कुलपति भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप भी लंबित हैं, जो पहले ही सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। इसी कारण छात्रों ने एक स्वर में कुलपति को हटाने की मांग की।




प्रदर्शनकारी छात्रों ने कुलपति को घेरकर नारेबाजी की। उनके हाथों में पोस्टर थे, जिन पर लिखा था-इस वीसी को मानेंगे नहीं, स्वीकार नहीं करेंगे। कई छात्रों ने बड़े अक्षरों में रिमूव वीसी लिखकर दिखाया।

हालांकि आंदोलनकारियों में से किसी ने भी मीडिया से बात नहीं की, लेकिन उनका रुख साफ था-वे किसी भी हालत में मौजूदा कुलपति को पद पर बने रहने नहीं देंगे।


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# ताहेरपुर में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर दसवीं की छात्रा की हत्या, आरोपित गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया ज़िले के ताहेरपुर में कक्षा दसवीं की एक छात्रा की हत्या की घटना से सनसनी फैल गई है। आरोप है कि प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर एक युवक ने छात्रा की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को छात्रा के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामला शुक्रवार की शाम का है। छात्रा घर से यह कहकर निकली थी कि वह मामा के घर जा रही है। लेकिन, रात तक जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने संदेह के आधार पर पास के एक युवक के घर में खोजबीन की और उसकी गतिविधियों पर शक होने पर पुलिस को सूचना दी। देर रात करीब 1 बजे छात्रा को अचेत अवस्था में घर से कुछ दूरी पर एक परित्यक्त गोशाला से बरामद किया गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हत्या से पहले छात्रा का यौन शोषण भी किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपित पहले भी छात्रा को परेशान करता था और दो परिवारों के बीच इसको लेकर विवाद हो चुका था। बार-बार प्रस्ताव ठुकराने के कारण उसने यह कदम उठाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले छात्रा और आरोपित के बीच घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन हाल में छात्रा उससे अलग होना चाहती थी। इसी को लेकर विवाद बढ़ा था। शुक्रवार की शाम आरोपित छात्रा का पीछा करते हुए बिजली गुल होने का फायदा उठाकर उसे सुनसान जगह ले गया और हत्या कर दी। रानाघाट पुलिस ज़िले के एसपी आशिष कुमार मौर्य ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत के आधार पर जांच चल रही है। जल्द ही हत्या की असली वजह सामने आएगी।

# रैगिंग कल्चर अभी भी जारी, जेयू में तीसरे वर्ष के छात्रों ने लगाए आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में एक बार फिर रैगिंग विवाद ने तनाव पैदा कर दिया है। शुक्रवार की शाम तक न्यू बॉयज हॉस्टल के करीब 50 तृतीय वर्ष के छात्र अरोबिंदो भवन के सामने प्रदर्शन पर उतरे। उनका कहना है कि जब तक मेन हॉस्टल (ए-1 और ए-2 ब्लॉक) से रैगिंग के आरोपित छात्रों को नहीं हटाया जाता, वे वहां शिफ्ट नहीं होंगे। ये छात्र उसी बैच के हैं, जिसके दौरान दो वर्ष पहले मेन हॉस्टल में रैगिंग के चलते एक छात्र की मौत हुई थी। आरोप है कि हाल ही में जब कुछ छात्र मेन हॉस्टल के कमरे देखने गए थे, तो वरिष्ठ छात्रों ने उन्हें धमकाया। उनका कहना है कि रैगिंग कल्चर




आज भी वहीं का वहीं कायम है। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय की जांच समिति ने 17 छात्रों को दोषी पाया था और उनके निलंबन व हॉस्टल से निष्कासन की सिफारिश की थी। लेकिन दोषी छात्रों ने अदालत से स्थगनादेश (स्टे ऑर्डर) ले लिया, जिसके कारण वे अब भी मेन हॉस्टल में रह रहे हैं। आंदोलनरत छात्रों का कहना है कि हम उन्हीं वरिष्ठों के साथ एक ही गेट और डाइनिंग स्पेस साझा करने में सुरक्षित महसूस नहीं करते। या तो उन्हें अन्यत्र भेजा जाए या हमें अलग भवन दिया जाए। दूसरी ओर, मेन हॉस्टल (ए-1 और ए-2) में रहने वाले छात्रों का कहना है कि उनका कोर्स पूरा होने में अब भी दस महीने बाकी हैं और इस दौरान प्लेसमेंट सीजन भी चल रहा है। ऐसे में अचानक हॉस्टल बदलना उनके लिए मुश्किल होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि अदालत के आदेश के कारण फिलहाल आरोपित छात्रों को हटाना संभव नहीं है। अधिकारियों का मानना है कि तीसरे वर्ष और वरिष्ठ छात्रों को अलग रखने के लिए मेन हॉस्टल में आंतरिक विभाजन (पार्टीशन), अलग डाइनिंग स्पेस और कॉमन रूम जैसी व्यवस्था की जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 में त्योहारी खरीदारी पर मिलेगी अब तक की सबसे बड़ी छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स लेकर आ रहा है। यह महोत्सव 23 सितंबर से शुरू होगा, जबकि प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे पहले विशेष एक्सेस मिलेगा। इस दौरान लिबास, बीबा, लेवीज, यू.एस. पोलो, जीएपी, लैवी, एडिडास, टाइटन, मोकोबारा, जीआईवीए, सफारी, लैक्मे, माइकल कोर्स और स्वारोवस्की जैसे शीर्ष फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स पर 50-80% तक की छूट मिलेगी। ग्राहकों के लिए अतिरिक्त 10% कैशबैक, एक्सप्रेस डील्स और विशेष ऑफर्स भी उपलब्ध रहेंगे। अमेजन फैशन एंड ब्यूटी इस साल ज्वेलरी, एक्सेसरीज, फुटवियर और प्रीमियम ब्यूटी प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज लेकर आया है, जिससे ग्राहक अपने फेस्टिव लुक को और भी खास बना सकते हैं। अमेजन प्राइम मेंबर्स को तेज डिलीवरी, मनोरंजन और 5% कैशबैक का लाभ मिलेगा। अमेजन पे लेटर और क्रेडिट कार्ड ऑफर्स के साथ यह खरीदारी और भी किफायती होगी। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उत्पादों पर भी आकर्षक ऑफर्स का ऐलान किया गया है।

### टाटा टी गोल्ड का 'बंगालर शिल्पी शोज्तितो पूजो' अभियान- संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की समृद्ध कला और संस्कृति को सम्मानित करते हुए टाटा टी गोल्ड ने दुर्गा पूजा के अवसर पर अपना विशेष अभियान 'बंगालर शिल्पी शोज्तितो पूजो' लॉन्च किया है। इस पहल के तहत ब्रांड ने स्थानीय कलाकारों के सहयोग से सीमित संस्करण के त्योहारी पैक प्रस्तुत किए हैं। इन पैक्स पर गौतम सरकार, गोपाल नस्कर, गौरव कुंडू, अंजन भट्टाचार्य और जोयिता बोस जैसे प्रतिष्ठित कलाकारों ने विभिन्न कला शैलियों - ऐक्रेलिक, ऑयल पेंटिंग, ड्राई पेस्टल, वाटर कलर और डिजिटल आर्ट - के माध्यम से दुर्गा पूजा की आत्मा को उकेरा है। हर डब्बा पूजा के अनुष्ठानों जैसे षष्ठी की ढाक की थाप, अष्टमी की प्रार्थना और दशमी के सिंदूर खेला की झलक पेश करता है। 16 सितंबर को ताज बंगाल, कोलकाता में आयोजित विशेष मीडिया सम्मेलन में पैक का अनावरण किया गया। इस मौके पर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के अध्यक्ष पुनीत दास ने कहा कि यह पहल बंगाल की सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान देने और उपभोक्ताओं को खास अनुभव प्रदान करने का प्रयास है।

### धमाकेदार डील्स के साथ वापस आया आईसीआईसीआई बैंक का 'फेस्टिव बोनांजा'

**मुंबई/कोलकाता :** आईसीआईसीआई बैंक का वार्षिक 'फेस्टिव बोनांजा' एक बार फिर से आकर्षक ऑफ़र्स के साथ लौट आया है। यह ऑफ़र्स ऑनलाइन शॉपिंग, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ट्रैवल, किराना, क्विक कॉमर्स, फर्नीचर और डाइनिंग जैसी कई श्रेणियों पर उपलब्ध हैं। ग्राहक 50,000 तक की छूट/कैशबैक का लाभ बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कार्डलेस ईएमआई और कंज्यूमर फाइनेंस का उपयोग कर उठा सकते हैं। साथ ही, वे क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प भी चुन सकते हैं। लॉन्च के अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर, राकेश झा ने कहा, हर साल हमारा 'फेस्टिव बोनांजा' त्योहारों की खुशी और मूल्य को और बढ़ाता है। इस साल हमें खुशी है कि हम शीर्ष ब्रांड्स पर ढेरों ऑफ़र्स ला रहे हैं, जिन्हें ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

# आईआईटी खड़गपुर में फिर छात्र की संदिग्ध मौत, बढ़ी चिंता

**खड़गपुर, समाज्ञा :** आईआईटी खड़गपुर से एक बार फिर छात्र की मौत की खबर सामने आयी है। बी.आर. अम्बेडकर हॉल से झारखंड निवासी छात्र हर्षकुमार पांडेय का शव फंदे से लटकता हुआ बरामद किया गया। हर्षकुमार मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग का छात्र था। इस वर्ष संस्थान में छात्रों की असामान्य मौत का यह छठा मामला है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार की दोपहर से ही हर्षकुमार का कमरा बंद था। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकले तो सहपाठी उनके कमरे में पहुंचे और वहां उनका शव फंदे से लटका मिला। तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी। खड़गपुर टाउन थाना



अंतर्गत हिजली फाड़ी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि आईआईटी खड़गपुर में छात्रों की लगातार हो रही असामान्य मौत ने चिंता बढ़ा दी है। इस वर्ष जनवरी में शायन मालिक, मार्च में मोहम्मद आसिफ कमार, अप्रैल में अनिकेत वालकर तथा जुलाई में रितम मंडल और चंद्रदीप पवार की मौत हो चुकी है। इनमें से पांच छात्रों की मौत फांसी लगाकर हुई, जबकि चंद्रदीप की मौत गले में दवा फंसने से हुई थी। एक के बाद एक हो रही मौतों से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर क्यों छात्र आत्महत्या का रास्ता चुन रहे हैं? क्या इसके पीछे मानसिक दबाव, पढ़ाई का बोझ या अपेक्षाओं को पूरा न कर पाने का भय जिम्मेदार है, इसकी जांच में फिलहाल पुलिस जुटी है और आईआईटी प्रशासन भी इन घटनाओं के कारणों की पड़ताल कर रहा है।

# सीटा के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) अपने 87वें स्थापना दिवस का आयोजन रक्तदान शिविर के साथ आयोजित किया और व्यापारिक गतिविधियों के साथ किया। मिडिया सेल के सह संयोजक अरविंद तिवारी (बाबा) एवं संयोजक हरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा प्रदत्त सूचना अनुसार, स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केक काटने के पश्चात रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडबल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, भारतीय सेना के आर्मी मेडिकल कोर के लेफ्टिनेंट अरविंद नारायण के सानिध्य में मौजूदा अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा (जितू) के स्वागत अभिभाषण से हुआ। मानद सचिव आलोक कुमार सिंह, सह सचिव अविनाश वर्मा, उपाध्यक्ष कमल कुमार सुराणा, कोषाध्यक्ष राज




कुमार बरडीया, संयोजक सामाजिक कल्याण उप समिति चंद्रेश (रोमी भाई) मेघाणी व उनके उप समिति के सदस्यों क्रमशः गौतम बैंगानी, प्रमोद तोदी, अरविंद बाघमार, अविनाश वर्मा उपस्थित रहे। कार्यकारिणी सदस्यों में भंवरलाल बैद, धीरज सिंधी, हरेन्द्र कुमार मिश्रा, हेमंत बैंगानी, जिनेश कुमार रामपुरीया, जितेंद्र (राजा) बैद, मनीष चतुर्वेदी, मनोज कुमार गुप्ता, निकुंज राजाश्री दत्ता, राजेंद्र कुमार लिंगा, विनोद कुमार सिंह, आनंद प्रकाश चांदगोठिया, अमित झुनझुनावाला, दिलीप कुमार मरोड़िया आदि उपस्थित थे। इस क्रम में भूतपूर्व अध्यक्षों क्रमशः मदन मोहन भट्टर, श्रीरतन डागा, बिजय सुराणा, आशीष अग्रवाल, सुनील कुमार सिंघी और भूतपूर्व सचिवों क्रमशः रमेश चंद्र अग्रवाल, एन के चतुर्वेदी, अरूण कुमार सिंह, एल के सोमानी, प्रमोद तोदी, राज कुमार साव, मनीष चतुर्वेदी, अरविंद तिवारी बाबा, किशन मोहता, मनोज कुमार सिंघी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। भारतीय सेना के सहयोग से आर्मी मेडिकल कोर के लेफ्टिनेंट अरविंद नारायण अपनी पुरी टीम के साथ रक्त संग्रह में तत्पर रहे एवं संग्रहीत रक्त सेना के जवानों के हितार्थ लगभग 72 इकाइयों का संग्रह किया। मंच का सफल संचालन मनीष चतुर्वेदी ने किया, धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष कमल कुमार सुराणा ने ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में जुटा मेट्रो, महात्मा गांधी रोड स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत मेट्रो परिसरों को स्वच्छ और हरित बनाने का प्रयास जारी है। इस दौरान स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य मेट्रो प्रतिष्ठानों में गहन सफाई व सैनिटाइजेशन ड्राइव चलाई गई। विभिन्न स्टेशनों पर मेट्रो कर्मचारियों ने स्वयं सफाई अभियान में हिस्सा लिया। यात्रियों में जागरूकता फैलाने के लिए मेट्रो रेल के खेलकर्मियों ने वॉकाथन और मैराथन में भाग लिया। वहीं, विद्युत और चिकित्सा विभाग के कर्मचारी भी इस अभियान में शामिल हुए। इसी कड़ी में शुक्रवार को महात्मा गांधी रोड मेट्रो स्टेशन पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। नाटक के माध्यम से मेट्रो कर्मचारियों ने सभी यात्रियों से अपील की कि वे मेट्रो स्टेशनों पर सर्वोच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखें।

# दुर्गा पूजा पर 500 बच्चों को लायन्स आनन्द मेला में घरेलू उपयोग के सामान वितरित

**कोलकाता :** लायन्स क्लब ऑफ कलकत्ता नॉर्थ एवम् नॉर्थ फेमिना ने सृजन रियल्टी के सहयोग से दुर्गा पूजा के अवसर पर बच्चों के लिये लायन्स सफारी पार्क में आनन्द मेला का आयोजन किया। सृजन रियल्टी के चेयरमैन प्रबंध निदेशक श्याम सुन्दर अग्रवाल एवम् पवन अग्रवाल, विधायक देवाशीष कुमार, पार्षद चैताली चटर्जी का स्वागत लायन्स सफारी पार्क ट्रस्ट के चेयरमैन अशोक मेहता, लायन्स क्लब ऑफ कलकत्ता नॉर्थ के अध्यक्ष अनिल सरावगी, नॉर्थ फेमिना की अध्यक्ष निशा टांटिया, मंजू चमड़िया (डी जी), प्रमिल रुंगटा (वी डी जी), प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रवीण छारिया एवम् लायन बंधुओं ने किया। सुभाष मुरारका ने सृजन रियल्टी एवम् लायन बंधुओं के सहयोग से आनन्द मेला की जानकारी दी। आनन्द



मेला में 10 स्टाल में कूपन के माध्यम से तकरीबन 500 बच्चों को घरेलू उपयोग तथा वस्त्र, बैग, टिफिन बॉक्स आदि सामान प्रदान कर सेवा कार्य की सभी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक एवम् शिक्षक भी उपस्थित थे। लायन रतन दुगड़, पी एल शाह, ओ पी बांगड़, नीतू बैद, भगवती सराफ, बाबूलाल बोथरा, पवन टांटिया, मोहनलाल अग्रवाल, निरंजन जैन, दक्षा शाह, रेखा मिंडा, तपन गाड़ोदिया, अनिल मिंडा एवम् लायन बन्धु सक्रिय रहे । एस एस राजपूत ने संचालन किया।

## एसबीआई लाइफ और बीसीसीआई ने 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के जरिए स्तन कैंसर जागरूकता को दिया बढ़ावा

**कोलकाता :** क्रिकेट की व्यापक पहुंच का उपयोग सामाजिक बदलाव लाने के लिए करते हुए, भारत की जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के माध्यम से स्तन कैंसर जागरूकता को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया। इस पहल के तहत, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) मैच में खास गुलाबी जर्सी पहनी, जिस पर 'थैंक्स-ए-डॉट' का लोगो बना हुआ था। मैच से पहले, एक विशेष प्री-मैच समारोह में एसबीआई लाइफ के प्रेसिडेंट और सीडीओ, एम. आनंद, और बीसीसीआई के एक अधिकारी ने एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस और सीएसआर के प्रमुख, रविंद्र शर्मा, और अभिनेत्री व स्तन कैंसर से जंग जीत चुकीं महिमा चौधरी की उपस्थिति में भारतीय महिला टीम की कप्तान और खिलाड़ियों - हरमनप्रीत कौर, प्रतीका रावल, स्नेह राणा, को विशेष रूप से डिजाइन की गई 'थैंक्स-ए-डॉट' गुलाबी जर्सी सौंपी। खिलाड़ियों ने यह जर्सी मैच के दौरान पहनी, जो महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक थी। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के प्रेसिडेंट और मुख्य वितरण अधिकारी, एम. आनंद ने कहा, एसबीआई लाइफ में, हम सिर्फ जीवन की ही नहीं, बल्कि सपनों और आकांक्षाओं की भी रक्षा करने में विश्वास रखते हैं।

# आरपीएफ की तत्परता ने नाबालिग और घायल यात्रियों की बचाई जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा और मानवीय सहायता को ध्यान में रखते हुए सराहनीय पहल की है। 19 सितंबर को ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते और मिशन सेवा के तहत हावड़ा, सियालदह और आसनसोल मंडलों में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत हावड़ा और आसनसोल मंडल की आरपीएफ टीमों ने रामपुरहाट, वर्दवान और दुमका रेलवे स्टेशनों से पांच नाबालिग लड़के-लड़कियों को सुरक्षित बचाया। इनमें एक बच्चा पारिवारिक कलह के चलते घर से भागा था, तीन नाबालिग अपने करीबियों से बिछड़ गए थे, जबकि एक लड़का दुमका स्टेशन पर अकेला भटकता पाया गया। सभी बच्चों को आगे की देखभाल और पुनर्वास हेतु चाइल्डलाइन को सौंप दिया गया। इसी दिन मिशन सेवा अभियान के तहत हावड़ा,



सियालदह और आसनसोल मंडलों में पांच घायल यात्रियों को बचाया गया। कटवा, मथुरापुर, दमदम, विधाननगर और कॉसिम बाजार स्टेशनों से मिले इन यात्रियों को तत्काल प्राथमिक सहायता देकर नजदीकी सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। आरपीएफ की ये त्वरित कार्रवाइयां यात्रियों की सुरक्षा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## 'नवजात शिशुओं और बच्चों की सुरक्षित देखभाल' पर जागरूकता सत्र का आयोजन

**कोलकाता :** फोर्टिस हॉस्पिटल आनंदपुर ने विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर आज 'नवजात शिशु और बच्चे की सुरक्षित देखभाल' पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल भविष्य के निर्माण के बारे में माता-पिता, शिक्षकों और देखभाल करने वालों के बीच जागरूकता बढ़ाना था। सत्र का नेतृत्व डॉ सुमिता साहा, कंसल्टेंट - नियोनेटोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ, फोर्टिस हॉस्पिटल, आनंदपुर ने किया और इसमें 100 से अधिक माता-पिता और देखभाल करने वालों ने भाग लिया। आनंदपुर स्थित फोर्टिस अस्पताल की कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमिता साहा ने कहा, यह कार्यक्रम माता-पिता और देखभाल करने वालों को व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया था ताकि संभावित जोखिमों को रोका जा सके और बच्चों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके।

## हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा 2025 में खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने शनिवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत आयोजित स्वच्छोत्सव थीम के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य खेलों के माध्यम से स्वच्छता और सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिताएं हावड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बंडेल स्टेशन, श्रीरामपुर स्टेशन, कटवा स्टेशन, रामपुरहाट स्टेशन, वर्दवान स्टेशन, आजीमगंज स्टेशन और बामनगाछी कॉलोनी सहित कई स्थानों पर आयोजित की गईं। रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने इन खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे दिन को जीवंत और अर्थपूर्ण बनाया गया। इस दौरान सबसे प्रमुख आकर्षण हावड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित बॉक्स-क्रिकेट टूर्नामेंट था, जिसमें डिवीजन के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इन मैचों ने न केवल फिटनेस और टीम वर्क को बढ़ावा दिया, बल्कि स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया।

## पितरों की प्रसन्नता से ही मिलता है सुख-समृद्धि-आरोग्य : प. मालीराम शास्त्री

**कोलकाता :** 'जीवन में अगर सदा सुखी रहना चाहते हैं तो अपने पितरों को सदैव प्रसन्न रखें। घर के पितर ही हर घर के सर्वोपरि देव हैं और सब देवों के पहले हमें इनकी सेवा-वंदना करनी चाहिए।' यह उद्गार श्रद्धेय पंडित मालीराम जी शास्त्री ने सर्वपितृ अमावस्या की पूर्व संध्या पर व्यक्त करते हुए लोगों का आह्वान किया कि सभी को अपने पूर्वजों-पितरों के लिए अपने शास्त्र सम्मत मान्यताओं और परम्पराओं के मुताबिक पितृ पक्ष में पूरी श्रद्धा के साथ श्राद्ध करना चाहिए और इतना ही नहीं जीवन एक बार पितरों के मोक्ष धाम के रूप में विश्व प्रसिद्ध 'गया जी' में अपने पितरों के लिए तर्पण करना चाहिए। पं. शास्त्री ने कहा कि विदेशों से लोग आकर गया में पिण्ड दान कर रहे हैं और हम यहीं रहकर भी अपने पितरों की उपेक्षा कर रहे हैं। यही हमारे सर्व दुःखों का कारण है कि हमारे घर के देव पितर



जी से ही हम विमुख हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी हम चेत जायें और अपने बच्चों को पितरों की महिमा और श्राद्ध के महत्व से अवगत करायें। पं. शास्त्री ने कहा कि जिनको अपने पितरों की प्रयाण तिथि ज्ञात नहीं है वो सर्व पितृ अमावस्या के दिन अपने पितरों के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करें और इसकी शुरुआत इस साल से ही करें। इस साल सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर को है।

## मेट्रो में लगातार बढ़ रही है यात्रियों की संख्या, 19 सितंबर को 8.28 लाख लोगों ने किया सफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के नजदीक आते ही कोलकाता मेट्रो में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 19 सितंबर को मेट्रो में 8.28 लाख से अधिक यात्री यात्रा कर चुके हैं, जो पिछले दिनों की तुलना में अधिक है। ब्लू लाइन पर 6 लाख से अधिक, ग्रीन लाइन पर 2.09 लाख से अधिक, पर्पल और ऑरेंज लाइन पर क्रमशः 6800 और 4800, तथा येलो लाइन पर लगभग 7300 यात्री यात्रा कर चुके हैं। सभी कॉरिडोर में यात्रियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। ब्लू लाइन पर अधिकांश ट्रेनें पूरे दिन निर्धारित समय के अनुसार चलीं, जबकि येलो, ऑरेंज और पर्पल लाइनों पर सेवाएं भी नियमित रूप से संचालित हुईं। प्री-पूजा भीड़ से बचने के लिए यात्रियों से डिजिटल टिकटिंग जैसे स्मार्ट कार्ड और मोबाइ क्यू आर टिकट का उपयोग करने का आग्रह किया गया है, जिसमें ऐप या रिचार्ज के समय 5% बोनस/रिबेट मिलता है। इस ऐप को 25 अगस्त से 17 सितंबर तक 2,24,643 यात्रियों ने डाउनलोड किया। वहीं, 1 से 19 सितंबर तक 43,321 स्मार्ट कार्ड जारी किए गए। पर्यटक यात्री टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड का उपयोग करके 3 या 5 दिन की अनलिमिटेड यात्रा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी कीमत क्रमशः 250 और 550 है। 1 से 17 सितंबर तक 281 टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड बिके। मेट्रो अधिकारियों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ऑन-ड्यूटी स्टाफ द्वारा सार्वजनिक पता प्रणाली के माध्यम से दिए गए निर्देशों का पालन करें।

# विवेक है तो लगती है हर चीज अच्छी: आचार्य श्रीकांत शास्त्री 'बाल व्यास'

**कोलकाता :** जीवन जीने के लिए आपके पास विवेक है तो हर चीज अच्छी लगती है। मन पावन है तो ईश्वर का दर्शन होता है। ईश्वर के प्रति चलने वाला व्यक्ति क्षमाशील होना चाहिए। जो कृष्णप्रेमी और भजनानंदी होता है वह सदा परमानंद का अनुभव करता है। ऐसे ही सुदामाजी कृष्ण के परम मित्र व कृष्णप्रेमी थे, इसलिए वे अभाव में भी परमानंद में मगन रहते थे। सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के पास चल दिए। बीच रास्ते में सुदामा जी सो गए पर कृष्ण ने अपनी माया से द्वारिका पहुंच दिया। जो ईश्वरके तरफ एक कदम बढ़ता है तो भगवान एक हजार कदम बढ़कर अपने पास खींच लेते हैं। कृष्ण के पास लौटकर सुदामा आए तो महल और समृद्धि को देखकर सुशीला से पूछे तो उन्होंने कहा कि रात में सोई थी तो



झोपड़ी थी पर सबेरे ये महल बन गया। लगता है यह आपके मित्र द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का फल है। इसे सुनकर सुदामा ने कहा कि गरीबी हो या अमीरी कभी भी तू कृष्ण को न भूलो। एक बार सूर्य ग्रहण के समय जब द्वारिका वालों के संग कृष्ण-बलराम कुरुक्षेत्र पहुंचे तो ब्रजवासी, गोपियां नंद बाबा के संग पहुंचे। लगभग एक सौ साल यह दिव्य मिलन हुआ। गोपियां कृष्ण से कहती है कि हम आपको भूला ही नहीं पाती इसलिए घर-गृहस्थी में मन लगा पाती।इसे सुनकर कृष्ण समझ गए विदाई के गोपियां का जीवन और दुखमय हो जाएगा। इसीलिए कृष्ण ने गोपियों को ज्ञान का उपदेश दिया, कहा कि सारे जगत का अभिन्न उपादान निमित्त कारण मैं ही हूँ।मैं ही सबकी आत्मा में प्राण के रूप में विद्यमान रहता हूं। श्रीमद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान यज्ञ है। यह दिव्य कथा है। सात दिन दिनों तक जिस किसी यह कथा सुनी, यदि कथा की बातें हृदय को छू गई हो तो आपका सकारात्मक भाव हो जाएगा, निरन्तर भगवान के नाम-जाप और कथा में प्रेम बढ़ जाएगा। भगवान का होकर जिओ। कथा-कीर्तन करने-करवानेवाला पुण्यात्मा होता है। ये बातें राजस्थान गौ कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्रीकांत शर्मा 'बाल व्यास' ने गणपति राजेश सभागार में कहीं।उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है भारत के सभी संत एक साथ नहीं है। सबकी अपनी - अपनी ढफली और अपना-अपना राग। मालूम हो कि यह श्रीमद्भागवत कथा सुरभि सदन गौशाला के निर्माण, विकास और संचालन हेतु आयोजित की गई है। कथा को सफल बनाने में ट्रस्टीगण मुरारीलाल दीवान, विश्वनाथ सेकसरिया, चम्पालाल सरावगी, राजेन्द्र प्रसाद बुबना, बालकिसन बालासरिया, प्रेमचंद ढांढनिया, सत्यनारायण देवरालिया, बालकिसन नेवटिया, राजेश मित्तल, बनवारी लाल सोती, कृष्ण कुमार छापड़िया, वृजमोहन गाड़ोदिया, अरूण केडिया सदस्यगण राहुल दीवान, प्रकाश केडिया, रामस्वरूप गोयनका, विनय मस्करा, अजय पोद्दार, सिद्धार्थ दीवान, रमेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय है। इस अवसर शकुंतला दीवान, अनीता बुबना, रेखा केडिया, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, सुशील ओझा, महावीर प्रसाद रावत, सुभाष मुरारका सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय मस्करा ने किया।

# सोने के बालियों के लालच में चार साल की बच्ची की हत्या, दो महिलाओं को आजीवन कारावास की सजा

**मुर्शिदाबाद :** चार साल के एक बच्ची के कान में सोने के बालियों के लालच में दो महिलाओं ने उस मासूम की हत्या कर दी। हत्या के मामले में अदालत ने दो अपराधियों को आजीवन कारावास का आदेश दिया है। मुर्शिदाबाद के कांदी के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने यह सजा सुनाई। अदालत में सुनवाई के दौरान सरकारी वकील सुनील चक्रवर्ती ने बताया कि जिन दो अपराधियों को सजा सुनाई गई है, उनके नाम नसीमा बीबी और फेनूर बीबी हैं। ये दोनों खड़ग्राम थाना अंतर्गत देवग्राम में



रहती हैं। न्यायाधीश तारकनाथ भकत ने दोनों अपराधियों पर हत्या का आरोप लगाया। पता चला है कि इस मामले में 23 लोगों की गवाही हुई है। सुनवाई के बाद अदालत ने शनिवार को दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वकील ने यह भी बताया कि घटना 26 नवंबर, 2019 को देवग्राम में हुई थी। उस गांव के निवासी अजीजुल शेख की बेटी चार वर्षीय अरजीला खातून को उसके घर के बगल में एक दुकान पर भेजा गया था। परिवार के सदस्यों ने उसे दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए भेजा था। उस समय, बच्चे के कानों में दो सोने की बालियां थीं। इन दोनों अपराधियों ने बच्चे को घर बुलाया और बालियां तोड़ लीं। बच्चे ने कहा कि उन्होंने इस घटना के बारे में परिवार को सूचित किया था। इससे दोनों अपराधी डर गए। जब उन्होंने घटना को कवर करने की कोशिश की, तो दोनों ने बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर, उन्होंने बच्चे के शव को खेत के किनारे एक जंगल में फेंक दिया। जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद बच्ची का शव जंगल से बरामद हुआ। मृतक बच्चे के पिता अजीजुल शेख की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कर लिया। जांच शुरू करने के बाद पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।



टाला प्रत्यय दुर्गापूजा मंडप उद्घाटन: मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने माता के आशीर्वाद से बंगाल में खुशहाली की कामना की।

## नृसिंहप्रसाद भादुड़ी रचित चैतन्यदेव का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री चैतन्यदेव के जीवन और आदर्शों को अब विश्वपटल पर प्रस्तुत करने के लिए प्रख्यात पुराणविद नृसिंहप्रसाद भादुड़ी की रचना चैतन्यदेव का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित हुआ। चैतन्यदेव ग्रंथ का मूल बंगला संस्करण 2012 में प्रकाशित हुआ था। उस पुस्तक की लोकप्रियता ने ही बंगाली और ग़ैर-बंगाली सभी पाठकों के बीच इसके अंग्रेजी अनुवाद की मांग को जन्म दिया। भक्ति वेदांत रिसर्च सेंटर और बुकपैकर्स पब्लिशिंग हाउस एंड लिटरेरी एजेंसी की पहल पर कोलकाता में आयोजित एक समारोह में इस अंग्रेजी अनूदित पुस्तक का औपचारिक प्रकाशन सुप्रसिद्ध कला एवं साहित्य समीक्षक शमीक बंद्योपाध्याय ने किया। इस पुस्तक का अनुवाद उपमन्यु मजुमदार ने किया है।

## गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट के महिला मंडली का भव्य सुंदरकांड पाठ संपन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** नित्यधान मुखर्जी रोड स्थित गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट के महिला मंडली के सदस्यों के द्वारा शनिवार को मंदिर के प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। ढोलक, झाल और करताल के धुन और महिलाओं के मधुर स्वर में कर्णप्रिय संगीतमय सुंदरकांड पाठ से गंगा किनारे स्थित मंदिर का प्रांगण ऊर्जावान हो गया। इस आयोजन में संस्था की ओर से महिला मंडली के रंजू राय, सरोज राय, होशिला सिंह, मीरा चौबे, सुमन गिरी, हीरा मुन्नी गुप्ता, मुन्नी ठाकुर, पुष्पा साव, तारा गुप्ता, उर्मिला तिवारी, अनीता सिंह, सुनीता सिंह और मीनाक्षी सिंह आयोजन में शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## कोलकाता में बायर-सेलर मीट 2025, जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए देशव्यापी व्यापार अवसर

**कोलकाता, समाज्ञा :** जम्मू-कश्मीर के किसानों और उत्पादकों के लिए बेहतर विपणन अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, बागवानी विभाग (योजना एवं विपणन) ने कोलकाता में कनेक्टिंग फार्मर्स विद मार्केट्स थीम के तहत बायर-सेलर मीट 2025 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से 50 से अधिक किसान, उत्पादक, एसएचजी और एफपीओ तथा पश्चिम बंगाल और आसपास के राज्यों से 250 से अधिक व्यापारी, निर्यातक और प्रोसेसर उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि जाविद अहमद दर, कृषि, बागवानी और ग्रामीण विकास मंत्री, जम्मू-कश्मीर ने कहा कि यह आयोजन किसानों और खरीदारों को सीधे जोड़ने का अनूठा मंच है। उन्होंने दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में उत्पादन, भंडारण, परिवहन और पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन में हुए व्यापक सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि बायर-सेलर मीट 2025 का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए पूरे देश में व्यावसायिक अवसरों का विस्तार करना है।



सुशील पोद्दार, अध्यक्ष सीडबल्यूबीटीए

गुलाम जीलानी जरगर, निदेशक बागवानी (योजना एवं विपणन) ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम खरीदार और विक्रेता दोनों के लिए अपने उत्पाद प्रभावी ढंग से पेश करने और एक-दूसरे को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों को सशक्त बनाएगी और अधिक लाभ अर्जित करने में मदद करेगी।

मोहम्मद सौरभ, अध्यक्ष कोलकाता फ्रूट एसोसिएशन ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे विक्रेता और खरीदार के बीच की दूरी कम होगी। सुशील पोद्दार, अध्यक्ष सीडबल्यूबीटीए और ऑल इंडिया व्यापार मंडल ने ताजे और सूखे फलों के लिए ट्रेड हब बनाने पर जोर दिया। शेख जफरुल्लाह, सचिव फ्रूट एसोसिएशन जाबलीपोरा ने पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट में किए गए सुधारों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में बायर-सेलर इंटरैक्शन सेशन भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने व्यवसाय संवर्धन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में दीप राज, विशेष सचिव कृषि उत्पादन, फारूक अहमद दर, एमडी जेकेएचपीएमसी, देस राज, ओएसडी मंत्री, विकास आनंद, निदेशक बागवानी कश्मीर, जीएम एपीईडीए पश्चिम बंगाल और ज्वाइंट डायरेक्टर एनएचबी पश्चिम बंगाल उपस्थित थे।

## कोलकाता और बनारस के बीच चलायी जाएंगी पूजा स्पेशल ट्रेन, 22,400 बर्थ्स होंगी उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा**



कोलकाता और बनारस के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से अतिरिक्त 22,400 बर्थ्स उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे यात्रियों की बढ़ती भीड़ को सुविधा और लचीलापन प्रदान किया जा सकेगा। 05047 बनारस-कोलकाता पूजा स्पेशल ट्रेन 23 सितंबर 2025 से 4 नवंबर 2025 तक हर मंगलवार को बनारस से सुबह 10:45 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 05:25 बजे कोलकाता पहुंचेगी (कुल 7 यात्रा)। वहीं, 05048 कोलकाता-बनारस पूजा स्पेशल ट्रेन 24 सितंबर 2025 से 5 नवंबर 2025 तक हर बुधवार को कोलकाता से सुबह 08:25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 04:15 बजे बनारस पहुंचेगी। यह ट्रेन पूर्व रेलवे क्षेत्र में कुल 22 स्टेशनों पर रुकेगी, जिनमें नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह प्रमुख हैं। यात्रियों को एयर-कंडीशन्ड सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी विरोधी दल भी देख सकते हैं : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेशनल म्यूजियम में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी में शनिवार को हिस्सा लेने पहुंचे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने अपने अनुभव साझा किए और इसे विपक्षी दलों से भी देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। यहां पर प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए आम से लेकर खास लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों में प्रधानमंत्री के जीवन के सफर के बारे में जानने की आतुरता है। इसी को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। उन्होंने विपक्ष के लोगों से भी इस प्रदर्शनी में हिस्सा लेने की अपील की और कहा कि यहां किसी भी प्रकार के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा नहीं की जाएगी। हमारे विपक्ष के साथी भी इस प्रदर्शनी में आ सकते हैं। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे आएं और इस प्रदर्शनी को देखें, हम उनका दिल खोलकर स्वागत करते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि यह प्रदर्शनी युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बड़ी संख्या में युवा वर्ग यहां पर पहुंच रहा है। इसी को देखते हुए अब इस प्रदर्शनी की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। अब यह 2 अक्टूबर तक चलेगी।

इस संबंध में हमारी आयोजनकर्ता से बात भी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी को खास बनाने के लिए कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से राष्ट्रवाद पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम लोगों के बीच में राष्ट्रवाद की भावना का संचार करना चाहते हैं।

## जीआरएसई ने जर्मनी की कार्स्टन रेहडर के साथ चार जलयान बनाने के लिए समझौता किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसने चार बहुउद्देश्यीय जलयान बनाने के लिए जर्मनी की कंपनी कार्स्टन रेहडर के साथ 6.24 करोड़ अमेरिकी डॉलर का समझौता किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि समझौते में दो अतिरिक्त हाइब्रिड प्रोपल्शन जहाजों का प्रावधान भी शामिल है। हाइब्रिड प्रोपल्शन जहाज एक से अधिक ईंधन स्रोत का इस्तेमाल करते हैं, जैसे डीजल और चार्ज होने वाली बैटरी। जीआरएसई ने कहा कि यह समझौता जर्मन शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर के लिए कोलकाता यार्ड में चल रही बहुउद्देश्यीय पोत परियोजना पर आधारित है। इस समझौते पर जीआरएसई के निदेशक (जलयान निर्माण) कमांडर शांतनु बोस और कार्स्टन रेहडर के प्रबंध निदेशक थॉमस रेहडर ने हस्ताक्षर किए।

## श्रीलंका में अंतरराष्ट्रीय एसएएआरसी सम्मेलन 2025 में 'दुर्गा पूजा' पर शोध पत्र प्रस्तुत

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 19-20 सितंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय एसएएआरसी सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज पर चर्चा की गई। इस सम्मेलन में भारत सहित सभी दक्षिण एशियाई देशों और यूरोप के विद्वानों ने भाग लिया। इसका आयोजन इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज और सार्क कल्चरल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर भारत से डॉ. तुलिका चक्रवर्ती, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, बंगाबासी मॉर्निंग कॉलेज, कोलकाता, मेहोली रॉय, एमबीए छात्रा, स्कूल ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन, आदमस यूनिवर्सिटी, कोलकाता तथा साहिल अंसारी, लेक्चरर, राजनीति विज्ञान विभाग (पी.जी.), नेताजी सुभाष चंद्र बोस कॉलेज, संबलपुर, ओडिशा ने



संयुक्त रूप से अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके शोध पत्र का शीर्षक था 'दुर्गा पूजा: बंगाल की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर और बदलती दुनिया में इसके आर्थिक निहितार्थ'। इसमें दुर्गा पूजा को केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व के रूप में ही नहीं, बल्कि सशक्त आर्थिक गतिविधि के रूप में भी रेखांकित किया गया। शोध में बताया गया कि यह महोत्सव लाखों कारीगरों, कलाकारों, व्यवसायियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों की आजीविका का आधार है। सम्मेलन में मौजूद विभिन्न देशों के विद्वानों ने इस शोध पत्र की सराहना की और कहा कि दुर्गा पूजा जैसे उत्सव यह प्रमाणित करते हैं कि अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें समाज को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करती हैं।

## पूर्व रेलवे में एसएनएसपीए 2025 के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य व सशक्तिकरण हेतु व्यापक शिविर



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान (एसएनएसपीए) के तहत अपने विभिन्न डिवीजन और वर्कशॉप में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिला कर्मचारियों और अन्य महिला लाभार्थियों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण जागरूकता, स्वच्छता निर्देश और वेलनेस सहायता प्रदान करना था, ताकि महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। हावड़ा डिवीजन में टिकीयापाड़ा और अजिमगंज स्वास्थ्य इकाइयों में आयोजित शिविरों में कुल 61 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इन शिविरों में सामान्य चिकित्सक और मधुमेह स्क्रीनिंग के साथ मासिक धर्म स्वच्छता और महिलाओं के वित्तीय प्रबंधन पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए। सियालदह डिवीजन में एएनसी और मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन शिविरों में 45 लाभार्थियों को सेवाएं दी गईं, जबकि एनीमिया स्क्रीनिंग में 18 महिलाओं ने शुरुआती पहचान और निवारक देखभाल का लाभ उठाया।

आसनसोल डिवीजन के ट्रैफिक हेल्थ यूनिट में शिविर में महिला कर्मचारियों और अन्य लाभार्थियों को लक्षित किया गया। डॉ. अल्पना माजी ने महिलाओं के स्वास्थ्य में एसएनएसपीए की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, डाइटिशियन मधुरा दत्ता ने पोषण, संतुलित आहार और एनीमिया व थायरॉइड जैसी स्वास्थ्य समस्याओं पर सत्र आयोजित किए।

## रिसड़ा में मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर, 70 छात्रों ने लिया भाग



**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा स्थित रे सुटोकोन कराटे एसोसिएशन के प्रशिक्षण केंद्र में शनिवार को एक दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर रे सुटोकोन कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया और मार्शल आर्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। करीब 8 घंटे चले इस शिविर में विभिन्न वर्गों के लगभग 70 छात्रों ने भाग लिया। बच्चों को रोपिंग कराटे, मुथाई, ताईथोंडू सहित कई मार्शल आर्ट की विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 छात्रों को 'बेस्ट हैम्पर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और उनके शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देना है।



कोलकाता: उदयन संघ का पंडाल

## इंस्टामार्ट क्विक इंडिया मूवमेंट 2025 अब लाइव है

**कोलकाता :** भारत की सबसे तेज़ सेल इंस्टामार्ट का क्विक इंडिया मूवमेंट 2025 अब स्विगी और इंस्टामार्ट ऐप पर लाइव है। खरीदार 50-90%* की छूट और बिजली सी तेज़ गति से डिलीवरी पाकर त्योहारों की खुशियों का आनंद ले सकते हैं। इंस्टामार्ट के सीईओ अमितेश झा ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, इंस्टामार्ट क्विक इंडिया मूवमेंट देश की बड़ी त्योहारी सेल है, जिसमें बेजोड़ कीमतें और तेज़ रफ्तार डिलीवरी के साथ हज़ारों उत्पाद उपलब्ध हैं। उपभोक्ता अब त्योहारी डील्स के रोमांच और तुरंत संतुष्टि का आनंद ले सकते हैं - अब उन्हें अपने ऑर्डर आने के लिए कई दिनों तक इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। यह सेल आज से शुरू हो रही है और यह जीएसटी बचत लाभ भी दे रही है।

## कोलकाता मेट्रो स्टेशनों व ट्रेनों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत की गई व्यापक सफाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता मेट्रो रेलवे में स्वच्छता ही सेवा अभियान जारी है, जिसका उद्देश्य मेट्रो परिसरों को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाना है। इस अभियान के तहत मेट्रो स्टेशन, ट्रेन और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों में गहन सफाई और सैनिटाइजेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में मेट्रो के स्टाफ ने विभिन्न स्टेशनों पर सफाई में भाग लिया, जबकि यात्रियों से भी स्टेशन साफ रखने का अनुरोध किया गया। शनिवार को अभियान के संदेश को फैलाने के लिए मेट्रो के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके अलावा, इलेक्ट्रिकल विभाग के स्टाफ ने भी सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी दिखाई। यात्रियों को



स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए नेताजी मेट्रो स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। नाटक के माध्यम से मेट्रो कर्मचारियों ने सभी से आमार मेट्रो स्टेशनों को उच्चतम स्तर की स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया। इस अभियान के माध्यम से मेट्रो रेलवे न केवल यात्रियों को सुविधाजनक सेवा दे रहा है, बल्कि उन्हें स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी कर रहा है।

## इकोलाइन एक्जिम लिमिटेड ने 76.42 करोड़ रुपये का आईपीओ किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** पर्यावरण-अनुकूल और बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग निर्माण में सक्रिय इकोलाइन एक्जिम लिमिटेड ने 76.42 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की घोषणा की है। यह निर्गम 23 से 25 सितंबर 2025 तक खुला रहेगा और प्रति शेयर मूल्य-दायरा 134 से 141 निर्धारित किया गया है। कंपनी इस निर्गम से जुटाई गई राशि का उपयोग अहमदाबाद में नया उत्पादन इकाई स्थापित करने, बैकवर्ड इंटीग्रेशन तथा सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताओं पर करेगी। इस निर्गम में 43.40 लाख नए शेयर और 10.80 लाख शेयरों की बिक्री शामिल हैं। कंपनी के पास चार निर्माण इकाइयां हैं और इसकी वार्षिक क्षमता 4.55 करोड़ बैग्स है। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने 269.29 करोड़ का राजस्व और 18.82 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

## लिलुआ कार्यशाला में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत वेंडर मीट का किया गया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** लिलुआ कार्यशाला में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत वेंडर मीट आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 19 सितंबर को सी एंड डबल्यू कार्यशाला, लिलुआ में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रेलवे के प्रिंसिपल चीफ मटेरियल्स मैनेजर संदीप शुक्ला उपस्थित रहे। मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, लिलुआ ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यशाला की सतत, पारदर्शी और जिम्मेदार खरीदारी प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। इस मीट का उद्देश्य रेलवे और विक्रेता के बीच साझेदारी को मजबूत करना, नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देना और खरीदारी में सतर्कता जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य चर्चा में आपूर्ति प्रक्रियाओं में सतर्कता का महत्व, सरकारी ई-



मार्केटप्लेस का उपयोग, कोच और वैगन रखरखाव के लिए आपूर्ति के अवसर, और विक्रेताओं को रेलवे मानकों के अनुसार सिस्टम उन्नत करने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल था। लघु उद्योग भारती के साथ खुला संवाद एमएसएमई को समर्थन देने और रेलवे खरीद में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर केंद्रित रहा। इस बैठक ने विक्रेताओं को ईमानदारी, सतर्कता और अनुपालन के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाया और यह साबित किया कि पारदर्शिता और जवाबदेही न केवल दक्षता बढ़ाती हैं बल्कि विक्रेता-रेलवे संबंधों को भी मजबूत करती हैं।

# टेस्सिटोरी स्मार्क, बीकानेर

## हमारी अनजानी धरोहर 81



**डॉ. एस. के. सैनी**

महान पुरातत्व वेताह एवं भाषाविद् लुइगी पायों तेसींतोरि का जन्म 13 दिसम्बर 1887 को ईटली के एक शहर उडीन में हुआ था। ईटली में उन्होंने फलोरेंस विश्वविद्यालय से मान्यविकी में अपनी डीग्री प्राप्त की उनकी भारतीय संस्कृति और साहित्य में अत्याधिक रूचि थी इसलिए उन्होंने प्राचीन शास्त्र के अध्ययन हेतु भारत आगमन किया। यहां उन्होंने संस्कृत, पाल व प्राकृत भाषाओं का अध्ययन किया, यहां व राजपुताने में आए 1913 में इंडिया ऑफिस में नौकरी के लिए आवेदन किया किन्तु नौकरी की कोई गारंटी नहीं थी। बाद में उन्होंने विजय धर्म सूरी के साथ संपर्क सथापित किया। जल्द ही, सूरी से मिले जिन्होंने जैन साहित्य के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विजय धर्म सूरी ने उन्हें एक जैन विद्यालय में शिक्षक पद की नौकरी दिलाई 1914-1919 तक भारत में रहे। इस दौरान उन्होंने भारत की विभिन्न भाषाओं का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया और राजस्थान में फैली हुई पुरातत्व कला कृतियों के संरक्षण व सरवेक्षण में महत्वपूर्ण कार्य किये। प्राचीन भारतीय विद्याओं के वे विशेषज्ञ हो गए थे।

माँ की गंभीर बीमारी की खबर पाकर 17 अप्रैल 1919 में ईटली के लिए रवाना हुए। जब वे ईटली पहुचे तब तक उनकी माँ का देहान्त हो गया था। नवम्बर 1919 जहाज से भारत लौट रहे थे तो उन्हे स्पेनिश इन्फ्लूएंजा हो गया और वे गम्भीर रूप से बीमार हो गए। 12 नवम्बर 1919 को बीकानेर में उन्का देहान्त हो गया।

एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल ने टेस्सिटोरी को अपने भाषाई सर्वेक्षण में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें सर जॉर्ज




ग्रियर्सन द्वारा राजपुताना के कवि या भाट संबंधी बर्दिक और ऐतिहासिक सर्वेक्षण का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया था। वे 08 अप्रैल 1914 में आए और पांच साल तक राज-पुताना में रहे। उन्होंने राजस्थान के मध्ययुगीन काल और कविताओं का अनुवाद किया और उन पर टिप्पणी की, जिनमें से कई का अध्ययन उन्होंने पहले फ्लोरेंस की राष्ट्रीय पुस्तकालय में किया था। उन्होंने अपनी थीसिस व शोध साथ किया था। इस तरह उन्होंने आधुनिक इंडो-आर्यन वर्नाक्यूलर या जातीय प्राकृत भाषा के विकास के इतिहास की नींव रखी।

टेस्सिटोरी ने डिंगला और पिंगला बोलियों और वंशावली कथाओं में काव्य रचनाओं की खोज की। उन्होंने कुछ नौकरशाही विरोध के बावजूद निजी बार्डीक लाइब्रेरी और कई राजकीय पुस्तकालयों की सूचीबद्ध करने में कामयाबी हासिल की ।

# स्वर्ग लौट जाएंगे पितर

## सर्व पितृ विसर्जनअमावस्या पर



**डॉ घनश्याम बादल**

पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, उनके तर्पण और मुक्ति हेतु सनातन परंपरा में श्राद्ध करने की परंपरा है । पितृ पक्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से अमावस्या तक मनाया जाता है। इस वर्ष 21 सितंबर को सर्व पितृ विसर्जन श्राद्ध के साथ श्राद्ध समाप्त हो जाएंगे। मान्यता है कि इस श्रद्धा के बाद सभी पितर परलोक गमन कर जाएंगे।

श्रीमत्स्य पुराण में त्रिविधं श्राद्ध मुच्यते यानि तीन प्रकार के श्राद्ध नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य का उल्लेख है। यमस्मृति में नित्य, नैमित्तिक, काम्य, वृद्धि और पार्वण श्राद्ध के नाम से जाना जाता है जबकि निर्णय सिन्धु में 12 प्रकार के श्राद्धों का उल्लेख मिलता है।

नित्य श्राद्धः कोई भी व्यक्ति अन्न, जल, दूध, कुशा, पुष्प व फल से प्रतिदिन श्राद्ध करके अपने पितरों को प्रसन्न कर सकता है।

**नैमित्तक श्राद्ध–** यह श्राद्ध विशेष अवसर पर किया जाता है। जैसे- पिता आदि की मृत्यु तिथि के दिन इसे एकोदिष्ट कहा जाता है। इसमें विश्वदेवा की पूजा नहीं की जाती है, केवल मात्र एक पिण्डदान दिया जाता है।

**काम्य श्राद्धः** किसी कामना विशेष के लिए यह श्राद्ध किया जाता है। जैसे- पुत्र की प्राप्ति आदि।

**वृद्धि श्राद्ध** : यह श्राद्ध सौभाग्य वृद्धि के लिए किया जाता है।

**सपिंडन श्राद्ध–** मृत व्यक्ति के 12 वें दिन पितरों से मिलने के लिए किया जाता है। इसे स्त्रियॉ भी कर सकती है।

**पार्वण श्राद्धः** पिता, दादा, परदादा, सपत्नीक और दादी, परदादी, व सपत्नीक के निमित्त किया जाता है। इसमें दो विश्वदेवा की पूजा होती है।

**गोष्ठी श्राद्धः** यह परिवार के सभी लोगों के एकत्र होने के समय किया जाता है।

कर्मागं श्राद्धः यह श्राद्ध किसी संस्कार के अवसर पर किया जाता है।

शुद्धयर्थ श्राद्धः यह श्राद्ध परिवार की शुद्धता के लिए किया जाता है।

**कौन करे श्राद्ध :**

भारतीय धर्म संस्कृति में पितरों को देवतुल्य माना गया है। मातृ देवो भवः तथा पितृ देवो भवः की भावना हमारी संस्कृति में उनके दिव्य स्थान को प्रदर्शित करती है । यदि मृत पिता की संपत्ति का बंटवारा हो चुका हो तथा सभी पुत्र अलग-अलग रहते हों तो सभी पुत्रों को अलग-अलग श्राद्ध करना चाहिए।प्रत्येक सनातनधर्मी को तीन पीढ़ियों- पिता, पितामह तथा प्रपितामह के साथ ही अपने नाना तथा नानी का भी श्राद्ध करना चाहिए।जबकि कुछ विद्वानों का मानना है कि साथ पीढीयों का श्राद्ध किया जाना चाहिए जिनमें व्यक्ति, उसका पिता, पितामह, प्रपितामह, वृद्ध पितामह, अतिवृद्ध पितामह और सबसे बड़े वृद्धातिवृद्ध पितामह, ये सात पीढियां होती हैं। इनमें से वृद्धातिवृद्ध पितामह का एक अंश, अतिवृद्ध पितामह का तीन अंश, वृद्ध पितामह का छह अंश, प्रपितामह का दस अंश, पितामह का पंद्रह अंश और पिता का इक्कीस अंश व्यक्ति को मिलता है।

**पितृ पक्ष का महत्व** : मान्यता है कि पितृ पक्ष में तर्पण करने से पितर आशीर्वाद प्रदान करते हैं. उनकी कृपा से जीवन में आने वाली कई प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं। व्यक्ति को समस्याओं से भी मुक्ति मिलती है । सनातन धर्म में ऐसी मान्यता है कि पितृपक्ष में पूर्वजों का स्मरण और उनकी पूजा करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है।

**श्राद्ध विधान** : पितृपक्ष में हम अपने पितरों को नियमित रूप से जल अर्पित करें । यह जल दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके दोपहर के समय दिया जाता है। जिस दिन पूर्वज की देहांत की तिथि होती है, उस दिन अन्न और वस्त्र का दान किया जाता है उसी दिन किसी निर्धन को भोजन भी कराया जाता है । पितृतर्पण एवं श्राद्ध करने का विधान यह है कि सर्वप्रथम हाथ में कुशा, जौ, काला तिल, अक्षत् एवं जल लेकर संकल्प करें- इसके बाद पितरों का आह्वान ॐ अद्य श्रुतिस्मृतिपुराणोक्त सर्व सांसारिक सुख-समृद्धि प्राप्ति च वंश-वृद्धि हेतव देवऋषिमनुष्यपितृतर्पणम च अहं करिष्ये।। मंत्र से करें जिसका अर्थ है आज श्रुति स्मृति पुराणों के अनुसार समस्त सांसारिक सुख, समृद्धि एवं वंश वृद्धि हेतु देव, ऋषि, मनुष्य एवं पूर्वजों का मैं तर्पण करूंगा ।



**श्राद्ध कर्म मंत्र** : पितृ तर्पण के बाद सूर्यदेव को साष्टांग प्रणाम करके उन्हें अर्घ्य देना चाहिए। तत्पश्चात् भगवान वासुदेव स्वरूप पितरों को स्वयं के द्वारा किया गया श्राद्ध कर्म इस मन्त्र से अर्पित करें- अनेन यथाशक्ति कृतेन देवऋषिमनुष्यपितृतरपण आख्य कर्म भगवान पितृस्वरूपी जनार्दन वासुदेव प्रियताम नमम। ॐ ततसद ब्रह्मा सह सर्व पितृदेव इदम श्राद्धकर्म अर्पणमस्तु।। ॐविष्णवे नमः, ॐविष्णवे नमः, ॐविष्णवे नमः।। इसे तीन बार कहकर तर्पण करना चाहिए। कहा जाता है कि यदि पूर्वजों का श्रद्धापूर्वक श्राद्ध न किया जाए तो पितृदोष लगता है । श्राद्धकर्म-शास्त्र में उल्लिखित है-श्राद्धम न कुरूते मोहात तस्य रक्तम पिबन्ति ते। अर्थात् मृत प्राणी बाध्य होकर श्राद्ध न करने वाले अपने सगे-सम्बंधियों का रक्त-पान करते हैं। उपनिषद में भी श्राद्धकर्म के महत्व पर प्रमाण मिलता है- देवपितृकार्याभ्याम न प्रमदितव्यम ...। अर्थात् देवता एवं पितरों के कार्यों में प्रमाद (आलस्य) मनुष्य को कदापि नहीं करना चाहिए।

**श्राद्ध पक्ष में वर्जित :**

पितृपक्ष में गाय, कुत्ते, कौवे सहित किसी भी जीवधारी व परिवार सहित किसी भी बुजुर्ग व्यक्ति का अपमान न करें , श्राद्ध पक्ष में मैथुन करना वर्जित माना गया है, क्योंकि इस दौरान आपके पितृ पृथ्वी पर आते हैं। पारिवारिक कलह, लड़ाई-झगड़ों का भी त्याग करें।

इन दिनों ग्रहों की शांति के लिए दान-पुण्य और पूजा पाठ किए जाते हैं, इस दौरान 5 जरूरी बातों का ध्यान अवश्य रखें।

**जीव हत्या** : किसी भी पक्षी या जानवर खासतौर पर गाय, कुत्ता, बिल्ली, कौए को श्राद्ध पक्ष में नहीं मारना चाहिए. जानवरों की भी सेवा करनी चाहिए. उन्हें भोजन कराएं और पानी पिलाएं।

**तामसी भोजन** : पितृपक्ष के दौरान खान-पान बिल्कुल साधारण होना चाहिए. मांस, मछली, अंडे का सेवन नहीं करना चाहिए. भोजन बिल्कुल सादा होना चाहिए यानी खाने में प्याज और लहसुन का भी इस्तेमाल ना करें. शराब और किसी भी नशीली चीजों से दूर रहें।

**नई खरीदारी** : कोई भी नया काम इन दिनों में शुरू नहीं करना चाहिए. श्राद्ध पक्ष में शोक व्यक्त कर पितरों को याद किया जाता है. इसलिए इन दिनों में किसी भी जश्न और त्यौहार का आयोजन न करें. इसके अलावा कोई नया समान भी इस समय खरीदने से बचें।

# संकोच-बालक का विकास रोक देता है

**आरती रानी**

शर्म की अनुपस्थिति व्यक्ति की सामाजिक चेतना को क्षतिग्रस्त कर देती है परन्तु इसका आधिक्य विकृत व्यक्तित्व को जन्म देता है जो मानसिक विकृति का रूप धारण कर लेता है।

शर्मीलापन संवेगात्मक तनाव और मानसिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न करता है जो व्यक्ति को असामान्य बना देता है। इसके कारण शर्मीले व्यक्तित्व का व्यक्ति अपनी जन्मजात क्षमताओं जैसे - बुद्धि एवं विशिष्ट गुणों का सही उपयोग उपने उद्देश्य की प्राप्ति में नहीं कर पाता है। वह आत्मकुंठित होकर सामाजिक माहौल से दूर एक नये वातावरण में रहने लगता है जहां वह आनन्द के किसी भी साधन का सही उपयोग नहीं कर पाता।

शर्मीलेपन की प्रारंभिक अवस्था में अभिभावक बहुत संतोष की अनुभूति करते हैं पर जहां वह मित्रा मंडली को छोड़कर अपने आप में लीन रहने लगता है, वहां अभिभावक को सतर्क होने की आवश्यकता होती है।

बाहरी जगत से संबंध विच्छेद के बाद शर्मीला व्यक्ति कुंठा पालते हुए शारीरिक एवं मानसिक रोगों से ग्रस्त होने लगता है। उसका शारीरिक रोग भी मुख्यतया मनोदैहिक होता है- जैसे हृदय की बीमारी, उच्च रक्तचाप, श्वांस रोग, मोटापा, आदि। इन व्याधियों के लक्षण तो शारीरिक रहते हैं किन्तु कारण मानसिक। वह व्यक्ति व्यावहारिक जीवन में संघर्ष को न्यौता देने वाला, अन्तर्मुखी, अंधविश्वासी, असुरक्षित किन्तु मुखापेक्षी एवं असंतुलित रहता है।

शर्मीलेपन का विकास दोषपूर्ण पालन-पोषण के कारण प्रारम्भ होता है, जिसके लिए माता-पिता एवं परिवार अधिक उत्तरदायी होते हैं। प्रायः लोग बच्चों को नासमझ समझते हैं तथा उनके साथ कोई भी पारस्परिक दोषपूर्ण व्यवहार करने से नहीं चूकते हैं जबकि बच्चों में भाव एवं संवेग को समझने की क्षमता जन्मजात होती है जिसके कारण वह आपकी भाषा न समझते हुए भी अभिव्यक्ति को अच्छी



तरह समझता है।

आप अपने व्यावहारिक जीवन में प्रायः देखते हैं कि जब सदस्य आपस में झगड़ा करते हैं या अशान्त माहौल कायम करते हैं तो छोटा बच्चा पूर्ण शांत होकर उसका निरीक्षण करता है तथा अपने सारे संवेगों को रोक लेता है। पारिवारिक अशांत माहौल तथा उसके प्रति उपेक्षा अथवा अन्य निषेधात्मक व्यवहार बच्चा में कुंठा एवं शर्मीलापन पैदा कर देता है।

सुखद परिवारिक माहौल द्वारा इस स्थिति से मुक्ति पाकर व्यक्तित्व का समुचित विकास किया जा सकता है। सामाजिक संपर्क को बढ़ाकर शर्मीले व्यक्ति के निषेधात्मक दृष्टिकोण को बदला जा सकता है। उसे विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं, सामाजिक उत्सवों, क्रीड़ा, पर्यटन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेषित कर जीवन में आनन्द के महत्त्व को समझने का अवसर देना चाहिए।

अध्ययनों में ऐसा देखा गया है कि अपने आयु के व्यक्तियों के साथ का सामाजिक सम्पर्क अधिक आयु के व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है, जैसे अभिभावक के साथ घूमना, साथियों के साथ घूमने की अपेक्षा अधिक कष्टकर होता है क्योंकि अभिभावक का प्रतिबंध स्वाभाविक रूप में वहां भी कायम रहता है जबकि मित्रों के साथ उसकी अभिव्यक्ति स्वतन्त्र रहती है।

शर्मीलेपन को दूर करने में मानसिक एवं शारीरिक व्यस्तता भी सहायक होती है क्योंकि काम का अभाव तनाव का प्रधान कारण होता है। मानसिक तनाव को कम करने में पालतू जानवर एवं बागवानी में रूचि महत्त्वपूर्ण सहयोग देती है। इन कार्यों में असंतुलित व्यक्ति को मानसिक संतोष, आत्मप्रेरणा, आत्मपहचान, आनन्द, स्वतंत्राता एवं आत्मनिर्भरता की अनुभूति होती है, जिसके कारण उसे तनाव से मुक्ति मिलती है।

शर्मीलापन दूर करने की तमाम कोशिशें तभी सफल होंगी जब व्यक्ति आत्मप्रेरित होकर किसी युक्ति या कार्ययोजना के माध्यम से कार्य करे और उसे स्वीकार करे। जरूरत पड़ने पर मनोचिकित्सक से सहयोग भी लिया जा सकता है। जिस व्यक्ति में आत्मविकास की शक्ति होती है वह शर्मीलेपन जैसी प्रवृत्ति से शीघ्रता से मुक्ति पा सकता है और जीवन में सफल इंसान बन सकता है। (उर्वशी)

# पिया का दिल जीतें प्यार से



**सविता बिहानियां**

दांपत्य में प्यार रिश्तों को सुदृढ़ बनाता है जिससे वैवाहिक जीवन की गाड़ी सुचारू रूप से चलती है। यदि पति-पत्नी के संबंधों में आपसी प्यार की उमंगें परस्पर बराबर हैं तो जीवन सदाबहार खुशियों से भरा रहता है। दांपत्य में विश्वास से प्यार हिलोरे मारकर छलकता है। पति-पत्नी प्यार में जीने मरने की कसमें खाते हैं। एक दूसरे पर अपनी जान छिड़कते हैं।

युवा दिलों में प्यार की उमंग अधिक उमड़ती है। जीवन साथी का प्यार जीवन जीने की कला को सिखाता है। जो पत्नी प्यार की कला को एक नये अंदाज में पेश करती है वह पिया की प्यारी बन जाती है।

प्यार को पाने के लिए प्यार को बांटना जरूरी है जिससे जीवन सुखमय बना रहे। जीवन में प्यार की चाहत सभी रखते हैं। खासतौर पर दांपत्य में प्यार की अहम भूमिका होती है।

जो पत्नी अपने सौंदर्य के प्रति लापरवाही अपनाती है, उनके प्यार में कमी आ जाती है। पत्नी का सजना संवरना पति को अपनी ओर आकर्षित करता है जिससे प्यार की उमंग उमड़ती रहती है।

पिया को प्यार से रिझाना एक कला है। यदि पत्नी स्पर्श, आलिंगन व मधुर वाणी को अपनाती है तो प्यार से जिंदगी मुस्कुराती रहती है। गृहस्थी में एक-दूसरे से रूठना-मनाना चलता रहता है। यदि प्यार की अदा को अपना लिया जाये तो रूठा पिया मान जाता है।

**सुझावः-** ※ पिया की प्यारी बनने से मन में खुशी भरी रहती है। इसके लिए आवश्यक है पिया की बात को मानें।

※ सौंदर्य को आकर्षक बनाये रखने के लिए सजना संवरना जरूरी है।

※ पिया की भावनाओं को इशारे से समझने की आदत बनायें। आफिस से लौटे पति का मुस्कुराकर स्वागत करें।

※ पत्नी का दायित्व बनता है कि पति का मनपसंद भोजन बनाये और साथ बैठकर खाना खायें।

※ मधुरवाणी, विन्रम व्यवहार, धैर्य और समर्पण गुणों वाली पत्नी सभी जगह सम्मान पाती है।

※ यदि पत्नी अतिथि सत्कार और बच्चों से घर की कला में प्रवीण हो तो वह सबकी चहेती बन जाती है।

※ दांपत्य में रोमांस भरी बातें प्यार को सदा नयापन देती है।

※ अंतरंग क्षणों में पिया को पूरा सहयोग दें। इससे वैवाहिक जीवन आनंदपूर्ण बना रहेगा। (उर्वशी)

# खाना परोसना भी एक कला है



**शिखा चौधरी**

जिस तरह से खाना बनाना एक कला है, उसी तरह से खाना परोसना भी एक कला है। कभी-कभी स्वादिष्ट खाना यदि सलीके से न परोसा जाये तो बेस्वाद लगता है। इसके अलावा यदि खाने की मेज को बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया गया है तो हमारी भूख और बढ़ जाती है और खाने का स्वाद बढ़ जाता है। इसलिए जब भी किसी को खाने पर बुलायें तो अपने खाने परोसने के ढंग को भी देख लें।

खाने की मेज को फूहड़ तरीके से न सजायें, न ही एक तरीके से मेज पर सभी कुछ सर्व कर दें। इससे खाना खाने का मजा किरकिरा हो जाता है। जरूरी नहीं है कि महंगी से महंगी क्राकरी में ही खाना परोसा जाये, तभी वह स्वाद से अच्छा लगेगा। खाना यदि साफ-सफाई एवं सही ढंग से परोसा जाये तो ज्यादा बेहतर है। खाना परोसने में यही सब देखा जाता है। खाने वाले को भी तभी स्वाद आता है।

### जरा ध्यान दें कि खाना परोसने में क्या-क्या बातें याद रखें-

- सबसे पहले खाने की मेज का आकार देख लें कि आप जिस मेज पर खाना परोस रहे हैं, उस पर खाने के सभी आइटम सही ढंग से आ सकते हैं या नहीं।
- जितने लोग खाने पर आ रहे हैं, उनके लिए खाने की व्यवस्था एक साथ करनी है या अलग-अलग।
- यह भी देख लें कि किस उम्र के लोगों के लिए खाने की मेज लगाई जा रही है।
- खाना किस विधि से खिलाना है यह पहले ही सुनिश्चित कर लें। उसी तरह से सारा इंतजाम कर लें।
- सबसे पहले खाने की मेज की साज-सज्जा का इंतजाम करें। उस पर एक सुंदर कवर डालें।
- कवर से मिलती-जुलती या कंट्रास्ट कलर की क्रॉकरी उस पर अच्छी लगेगी। यह आप पर है कि आप उसे किस ढंग से लगाती हैं।
- मेज पर नेपकिन जरूर रखें। वे भी इस तरह से सजाकर रखें कि खाने वाले पहले ही समझ जायें कि कितना स्वाद आने वाला है।
- यदि आपके पास नैपकिन होल्डर नहीं है तो आप किसी कांच के गिलास में सुंदरता से नैपकिन सजा सकती हैं।
- इसके बाद खाने की मेज पर पानी व पानी के गिलास सर्व किये जाने चाहिए। यह ध्यान रखें कि पानी के गिलास किस तरीके के होने चाहिए और कोल्ड ड्रिंक के गिलास किस तरीके के होने चाहिए।
- फिर सलाद आदि सर्व करें। सलाद काटने के लिए डिजाइन वाले चाकू का प्रयोग करें। सलाद को प्लेट में इस तरीके से सजायें कि देखने वाला आपकी कला को मान जाये।
- ग्रेवी वाली सब्जियों के लिए छोटी-बड़ी कटोरियां जरूर रखें।
- ग्रेवी वाली सब्जियों पर ऊपर से क्रीम से सजायें।
- सब्जियों को लच्छेदार प्याज, हरा धनिया, अनार के दाने आदि से भी सजा कर परोस सकते हैं।
- स्वीट डिश आदि परोसने के लिए छोटी-छोटी कटोरियां रखें।
- स्वीट डिश को स्वादानुसार केसर, काजू, बादाम, किशमिश आदि से सजायें।
- फलों को हमेशा काटकर ही सर्व करें। उन्हें साबुत सर्व न करें। हो सके तो फ्रूट चाट बनाकर सर्व करें।

(उर्वशी)

# यूं रखें खूबसूरती को जवां



**ललिता वर्मा**

देर रात तक जागना, घूमना, पार्टियों में जाना, आज का फैशन बन चुका है लेकिन इन सबका हमारी स्किन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। स्किन ही है जिस पर मिट्टी, धुंआ, धूप इन सबका असर पड़ता है।

आज जब जिंदगी की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। हमें अपनी स्किन को रख रखाव के प्रति भी सजग रहना होगा। यह सब इतना आसान भी नहीं है लेकिन अगर कुछ समय निकालकर कुछ टिप्स अपनाएं तो अपनी खूबसूरती को लंबे समय तक जवां रख सकते हैं।

- चेहरे पर झुर्रियां आती जा रहीं हो तो हर रोज लहसुन की एक दो कच्ची कलियों का सेवन करें। झुर्रियां बढ़नी बंद हो जायेगी।
- सोने से पहले होंठों पर मलाई लगाएं। होंठ मुलायम रहेंगे।
- हाथों व चेहरे को मुलायम रखने के लिए एक अंडा, एक चम्मच शहद, एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर हाथों व चेहरे पर लगाएं।
- धनिए की पत्ती का रस होंठों पर लगाने से होंठ मुलायम रहेंगे।
- आंखों के नीचे डार्क सर्कल कम करने के लिए ठंडे दूध में रूई भिगोकर आंखों पर रखें। ऐसा करने से डार्क सर्कल खत्म होंगे और साथ ही आंखों को भी आराम मिलेगा। कैस्टर आयल और कोकोनट आयल को मिक्स करके रात को लगा लें। डार्क सर्कल खत्म होंगे।
- कोमल चेहरा चाहते हैं तो दो चम्मच बेसन, चौथाई चम्मच हल्दी पाउडर को गुलाब जल में मिलाकर सप्ताह में दो बार चेहरे पर लगाएं।
- मुंह को जब भी धोएं, तब साबुन के झाग के साथ चीनी के कुछ दानों को मिला लें। इससे चेहरे की स्किन के डेड सेल्स हट जाएंगे और स्किन स्मूद तथा मुलायम बनेगी।
- स्किन ड्राई है और फाउंडेशन लगाना है तो सही रंग चुनकर इसमें मॉश्चराइजर मिला कर चेहरे व गर्दन पर लगाएं।

(उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर

# मूंग दाल का चीला






बारिश की ठंडी फुहारों के बीच गरमा गरम पकवान बनाकर खाने का मजा ही कुछ अलग होता है। तो अगर आप मानसून के मौसम में कुछ हेल्दी और स्वादिष्ट खाना चाहते हैं, तो मूंग दाल का चीला आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

मूंग दाल का चीला न केवल बनाने में आसान होता है, बल्कि ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा देती है और वजन नियंत्रित रखने में मदद करती है।

हम आपको आसान स्टेप्स में मूंग दाल का चीला बनाने की रेसिपी बताएंगे, जिससे आप आने वाले वीकेंड पर इसे आराम से बना सकते हैं और बारिश के मौसम का स्वाद बढ़ा सकते हैं।

### मूंग दाल का चीला बनाने का सामान

मूंग दाल - 1 कप
हरी मिर्च - 2
अदरक - 1 इंच का टुकड़ा
हींग - एक चुटकी
नमक - स्वादानुसार
अजवाइन - 1/4 चम्मच
पानी - आवश्यकतानुसार
हरा धनिया - 2 टेबलस्पून
तेल

### विधि

अगर आप मूंग दाल का चीला बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले मूंग दाल को कम से कम 4-5 घंटे या रातभर पानी में भिगोकर रखें। दाल जब भीगकर अच्छी तरह से फूल जाएगी तो इसी पीसना काफी आसान होगा।

अब भीगी हुई मूंग दाल को थोड़ा पानी डालकर मिक्सी में बारीक पेस्ट बना लें। ध्यान रहे कि पेस्ट ज्यादा पतला न हो, थोड़ा गाढ़ा रखना है। पेस्ट तैयार करने के बाद इस पेस्ट में हरी मिर्च, अदरक, हींग, अजवाइन, नमक और हरा धनिया डालकर अच्छे से मिलाएं। तवा गरम करें और थोड़ा तेल डालें।

अब एक चम्मच पेस्ट लेकर तवे पर फैलाएं, जैसे आप पैनकेक बनाते हैं। मध्यम आंच पर पकाएं। जब चीले के किनारे सुनहरे और कुरकुरे हो जाएं, तब उसे पलटें और दूसरी तरफ से भी अच्छी तरह सेंक लें। मूंग दाल के चीले को हरी चटनी के साथ गरमा गरम परोसें। आप इसमें स्वाद बढ़ाने के लिए पनीर, प्याज, टमाटर भी डाल सकते हैं।

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का पहला खंड 2027 में शुरू हो जाएगा : रेल मंत्री वैष्णव



**मुंबई :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना भारत की अर्थव्यवस्था के लिए उसी तरह से ''लाभकारी'' साबित होगी, जैसा छह दशक से भी अधिक समय पहले जापान में पहली बार 'हाई स्पीड' ट्रेन सेवा शुरू होने पर हुआ था। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए शिलफाटा और घनसोली के बीच 4.88 किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई का कार्य शनिवार सुबह पूरा होने के बाद वैष्णव ने संवाददाताओं से यह बात कही। रेल मंत्री ने इसे ''ऐतिहासिक उपलब्धि'' बताते हुए कहा कि सूरत-बिलिमोरा खंड पर 'हाई-स्पीड कॉरिडोर' का पहला चरण दिसंबर 2027 में शुरू हो जाएगा। सुरंग के घनसोली 'शाफ्ट' पर उन्होंने कहा, ''टोक्यो, नागोया और ओसाका जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली दुनिया की पहली बुलेट ट्रेन ने जापान की पूरी अर्थव्यवस्था को कई गुना बढ़ा दिया। इसी तरह, यह परियोजना आणंद, अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, वापी और मुंबई को एक एकल आर्थिक गलियारे में एकीकृत करेगी।'' वैष्णव ने कहा कि इससे एकीकृत बाज़ारों का निर्माण होगा और पूरे मार्ग पर आर्थिक विकास में तेजी आएगी, साथ ही ज्ञान हस्तांतरण और आर्थिक एकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, ''उच्च उत्पादकता और व्यावसायिक विस्तार के माध्यम से आर्थिक लाभ शुरुआती निवेश से कहीं अधिक होगा।'' सुरंग की खुदाई घनसोली और शिलफाटा, दोनों छोर से एक साथ की गई तथा खुदाई दल पानी के नीचे चुनौतीपूर्ण स्थिति में एक-दूसरे की ओर बढ़े थे। मंत्री ने कहा, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह परियोजना अत्याधुनिक इंजीनियरिंग नवाचारों को प्रदर्शित करती है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। दो बुलेट ट्रेनों को समायोजित करने के लिए एकल सुरंग तकनीक का उपयोग और पुल निर्माण में 40 मीटर लंबा गाडर लगाना महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना में जापानी साझेदारों ने इस तकनीकी नवाचार की दक्षता और डिजाइन उत्कृष्टता की प्रशंसा की है, और कहा कि भारत ने इस संबंध में पर्याप्त जानकारी हासिल कर ली है। वैष्णव ने कहा कि उन्होंने परियोजना की समीक्षा के लिए एक दिन पहले जापान के एक उप मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिस दौरान दोनों पक्षों ने प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भारत में नवीनतम ई10 शिंकानसेन (जापान की अगली पीढ़ी की बुलेट ट्रेन) शुरू करने पर भी चर्चा हुई।

### मणिपुर सरकार ने हमले में मारे गए दो जवानों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की

**इंफाल :** मणिपुर सरकार ने शनिवार को बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल सबल लेईकाई में घात लगाकर किए गए हमले में जान गंवाने वाले असम राइफल्स के दो जवानों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये और हमले में घायल हुए पांच जवानों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गृह आयुक्त एन. अशोक कुमार ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार शुक्रवार को असम राइफल्स के जवानों पर हुए हमले को लेकर बेहद चिंतित है, जिसमें दो जवानों की मौत हो गई गए और पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस घटना की कड़ी निंदा करती है और उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है, जिन्होंने ''इस कायराना कृत्य'' में अपने प्रियजनों को खो दिया है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस के काउंटर-इंटेलिजेंस प्रकोष्ठ ने घाटी में आठ जगहों पर छापेमारी की, सात हिरासत में

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस के 'काउंटर-इंटेलिजेंस' प्रकोष्ठ ने शनिवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में घाटी में कई जगहों पर छापेमारी के दौरान सात संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 'काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर' (सीआईके) ने आठ जगहों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के संबंध में श्रीनगर, बारामूला, अनंतनाग, पुलवामा, कुपवाड़ा और शोपियां में आठ जगहों पर छापेमारी की गयी। 'काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर' के अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के लिए सात संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और जांच से जुड़े डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए। 'काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर' को मिली एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि यह बात सामने आई थी कि जम्मू-कश्मीर में कुछ लोग सामाजिक सक्रियता की आड़ में जनसंचार माध्यमों, सोशल मीडिया, मानवाधिकारों, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण से जुड़े मंचों का 'दुरुपयोग' केंद्र शासित प्रदेश की संप्रभुता और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों के लिए कर रहे हैं।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने वॉकथॉन से दिया स्वच्छता का संदेश




**मालीगांव :** राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान 2025 के तहत पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के विभिन्न मंडलों में 19 सितंबर को स्वच्छता और जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। लामडिंग मंडल में चिकित्सा विभाग की ओर से डिब्रूगढ़ मंडल रेलवे हॉस्पिटल से बरबारी रेलवे कॉलोनी तक तथा डीआरएम कार्यालय अलीपुरद्वार से रेलवे इंस्टीट्यूट हॉल तक वॉकथॉन निकाले गए। इसके अलावा डिब्रूगढ़ स्थित डीजल लोको कारखाने में मच्छरों की रोकथाम हेतु लार्विसाइड छिड़काव और स्वच्छता अभियान चलाया गया। कटिहार मंडल में भी अधिकारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक वॉकथॉन में भाग लिया। इसका उद्देश्य कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों को साफ-सफाई बनाए रखने के प्रति प्रेरित करना था। इसी कड़ी में गुवाहाटी रेलवे स्टेशन समेत विभिन्न क्लीनलिनेस टार्गेट यूनिट्स पर विशेष सफाई अभियान चलाए गए, ताकि यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित माहौल मिल सके। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कहा है कि वह *स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत अपने सभी मंडलों में इस तरह की गतिविधियों को लगातार जारी रखेगा, जिससे साफ-सफाई, स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को और सशक्त बनाया जा सके।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू: अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन दिखने के बाद तलाशी अभियान शुरू

**जम्मू :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक ड्रोन के पाकिस्तान की तरफ से आते दिखाई देने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन को शाम करीब सात बजे आरएस पुरा सेक्टर के जाजोवाल गांव के पास सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में उड़ते देखा गया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने चकरोई और जुगनूचक सीमा चौकियों के अंतर्गत आने वाले इलाके में तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम समाचार मिलने तक तलाशी अभियान जारी था। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों के मद्देनजर शनिवार को ड्रोन, मानव रहित विमान (यूएवी) या अन्य हवाई उपकरणों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया।

### हैदराबाद हवाई अड्डे पर डीआरआई ने 12 किलोग्राम गांजा बरामद किया

**हैदराबाद :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शनिवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक' गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस सिलसिले में एक महिला यात्री को गिरफ्तार किया गया है। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, डीआरआई हैदराबाद जोनल इकाई के अधिकारियों ने दुबई से आए एक भारतीय यात्री को हवाई अड्डे पर रोका। यात्री के सामान की तलाशी के दौरान मादक पदार्थ के पैकेट बरामद किए गए। एक विज्ञप्ति के अनुसार, जांच में पुष्टि हुई कि वह पदार्थ गांजा है। यात्री के बैग से छह किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक' गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका एक और 'चेक-इन' बैग खो गया था, जिसके लिए उसने शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में वह बैग भी हैदराबाद लाया गया और उस बैग की तलाशी में छह किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक' गांजा और मिला।

### प्रधानमंत्री मोदी 22 सितंबर को अरुणाचल दौरे पर

**ईटानगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान 3,689 करोड़ रुपये की दो पनबिजली परियोजनाओं और 1,291 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 10 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, मोदी 186 मेगावाट की तातो-1 और 240 मेगावाट की हीओ पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और तवांग में एकीकृत अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। बयान के अनुसार, कार्यक्रम में राज्यपाल केटी परनाइक, मुख्यमंत्री पेमा खांडू, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन, लोकसभा सदस्य तापिर गाओ और राज्यसभा सदस्य नबाम रेबिया भी शामिल होंगे।

## मप्र: गाय के साथ दुराचार करने के आरोपी को जूते की माला पहना ग्रामीणों ने निकाला जुलूस

**आगर मालवा (मप्र) :** मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले में एक गाय के साथ कथित तौर पर दुराचार करने के आरोप में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को जूते की माला पहनाकर गांव में जुलूस निकाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद उसने आरोपी को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई के तहत जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक यह मामला जिले के नलखेड़ा थानाक्षेत्र के बड़ागांव का है। नलखेड़ा के थाना प्रभारी नागेश यादव ने बताया कि आरोपी को तहसीलदार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बड़ागांव के चौकी प्रभारी सरदार सिंह परमार ने इस बात से इनकार किया है कि ग्रामीणों ने पुलिस के सामने ही आरोपी को जूते की माला पहनाकर जुलूस निकाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जुलूस निकाले जाने की जानकारी लगते ही पुलिस आरोपी को सुरक्षित चौकी पर ले आई थी। पुलिस के मुताबिक बड़ागांव के रहने वाले मोहम्मद शाहिद (55) ने ईदगाह के पास एक गाय के साथ दुराचार किया था। इस घटना को कुछ ग्रामीणों ने देख लिया था। बाद में उन्होंने यह जानकारी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन के गुस्साए कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद शाहिद को पकड़कर जूते की माला पहना दी और नारेबाजी करते हुए गांव में उसका जुलूस निकाला। परमार ने बताया कि जानकारी मिलते ही आरोपी को तत्काल चौकी लाया गया और प्रकरण दर्ज किया गया।

## सोशल मीडिया पोस्ट से वडोदरा में हिंसा भड़की, 50 लोगों को हिरासत में लिया गया

**वडोदरा :** गुजरात के वड़ोदरा शहर के जूनीगढ़ी इलाके में एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर शुक्रवार देर रात हुए दंगे के बाद पुलिस ने शनिवार को लगभग 50 लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पथराव में पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोग घायल हुए, हालांकि स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोग शुक्रवार रात सिटी पुलिस थाने के बाहर इकट्ठा हुए और दावा किया कि एक सोशल मीडिया पोस्ट ने उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और उन्होंने इसे अपलोड करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस उपायुक्त (जोन-4) एंड्रयू



मैकवान ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 500 से 600 सदस्यों के एक अन्य समूह ने पुराने शहर के जूनीगढ़ी इलाके में पथराव शुरू कर दिया और वाहनों में तोड़फोड़ की। उन्होंने बताया कि इस घटना में पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोग घायल हुए हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गईं, एक उस व्यक्ति के खिलाफ जिसने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी और दूसरी उन लोगों के खिलाफ जिन्होंने हिंसा की।




गुवाहाटी: जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि देने के लिए दुकानें बंद

### कोच्चि स्टेडियम हादसा: पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर

**कोच्चि :** कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पिछले वर्ष दिसंबर में एक नृत्य कार्यक्रम के दौरान हुई दुर्घटना के सिलसिले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इस दुर्घटना में त्रिक्काकारा से कांग्रेस विधायक उमा थॉमस 15 फुट ऊंची गैलरी से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। आरोपपत्र में 'मृदंगा विजन' के मालिक निघोष कुमार, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) समीर, 'ऑस्कर इवेंट्स' के मालिक जिनेश पी.एस. और कृष्णकुमार एम.डी., तथा मंच बनाने वाले ठेकेदार बेनी का नाम शामिल किया गया है।



अहमदाबाद: नवरात्रि पर्व के स्वागत में युवती अपनी पीठ पर पारंपरिक डिज़ाइन का टैटू बनवाती हुई

## असम सरकार गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच कराएगी: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि प्रदेश सरकार गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस महानिदेशक हरमीत सिंह को गर्ग की मौत के मामले में राज्य भर में दर्ज कई प्राथमिकियों को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को स्थानांतरित करने और गहन जांच के लिए एक समेकित मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। शर्मा ने कहा कि उन्होंने भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग से भी बात की है और गायक की मौत की परिस्थितियों की विस्तृत जांच का अनुरोध किया है।



पहली प्राथमिकी 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' के आयोजक श्यामकानु महंत और गायक के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ मोरीगांव थाने में दर्ज की गई और इसमें आरोप लगाया गया कि वे (आरोपी) 'एक साजिश के तहत जुबीन को गाने के बहाने विदेश ले गए लेकिन उनका मकसद उसे मारना था।

## राहुल,सोनिया, प्रियंका व खरगे के खिलाफ राष्ट्र विरोधी बयान के आरोप में अदालत में शिकायत दर्ज

**लखनऊ (उप्र) :** लखनऊ की स्थानीय सांसद/विधायक अदालत में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी वाद्रा समेत पार्टी के छह वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ शनिवार को राष्ट्र-विरोधी बयान देने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में दावा किया गया है कि दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान, राहुल गांधी ने कहा था कि वह भारत राष्ट्र के खिलाफ लड़ रहे हैं। सांसद/विधायक अदालत के विशेष अपर मुख्य दंडाधिकारी (एसीजेएम) आलोक वर्मा ने शिकायत का संज्ञान लिया है और शिकायतकर्ता का बयान दर्ज करने के लिए एक अक्टूबर को सुनवाई निर्धारित की है। यह शिकायत सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव नृपेंद्र पांडे ने दायर की है। शिकायत में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, राज्यसभा सदस्य के.सी. वेणुगोपाल और जयराम रमेश के नाम शामिल हैं। इसमें आरोप लगाया गया है कि 15 जनवरी को, कोटला रोड स्थित नए कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा भवन के उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा था कि वह अब भाजपा, आरएसएस और भारत राष्ट्र के विरुद्ध लड़ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि अन्य सभी आरोपी उस कार्यक्रम में मौजूद थे और उन्होंने राहुल गांधी के बयान का विरोध न करके, अपनी मौन सहमति प्रदान की, जिससे वे भी इसमें शामिल हो गए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यह बयान बेहद संतुलित मानसिकता के साथ, देश को अस्थिर करने के लिए जानबूझकर दिया गया था और यह विभाजनकारी है।

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 39साल पहले 100 रुपये रिश्वत लेने के मामले में आरोपी को किया बरी

**बिलासपुर :** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 39 साल पहले 100 रुपये रिश्वत लेने के मामले में एक बिल सहायक की अपील स्वीकार करते हुए उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया है। अपीलार्थी को भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धाराओं के तहत रायपुर की निचली अदालत ने नौ दिसंबर 2004 को एक साल की कैद की सजा सुनायी थी और उसपर एक हजार रुपए जुर्माना लगाया था। उच्च न्यायालय में जस्टिस बिभू दत्त गुरु की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद नौ सितंबर, 2025 को आरोपी को बरी कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा, ''साक्ष्य, चाहे मौखिक हो, दस्तावेजी हो, या परिस्थितिजन्य हो, रिश्वतखोरी के कथित अपराध के आवश्यक तत्वों को स्थापित करने में अभियोजन पक्ष विफल रहा, इसलिए, निचली अदालत द्वारा दर्ज दोषसिद्धि टिकने योग्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने अपील स्वीकार करते हुए अपीलार्थी की दोषसिद्धि और दण्डादेश को निरस्त कर दिया तथा उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया है। अभियोजन के अनुसार 24 अक्टूबर 1986 को अपीलकर्ता जागेश्वर प्रसाद अवधिया रायपुर में एमपीएसआरटीसी की संभागीय कार्यशाला में बिल सहायक था। उस समय अवधिया ने शिकायतकर्ता अशोक कुमार वर्मा से उसकी 1981 एवं 1985 के बीच की सेवा अवधि के दौरान बकाया बिल के भुगतान के संबंध में कथित तौर पर 100 रुपये की रिश्वत मांगी। वर्मा ने लोकायुक्त के समक्ष इसकी शिकायत की। बाद में कथित तौर पर वर्मा से 100 रूपए रिश्वत लेते हुए अवधिया को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

## दिग्गज अभिनेता मोहनलाल को वर्ष 2023 के दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शनिवार को प्रसिद्ध मलयाली अभिनेता मोहनलाल को सिनेमा जगत के शीर्ष सम्मान 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित करने की घोषणा की जिन्होंने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिन्दी भाषा की फिल्मों में अभिनय किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने मोहनलाल को वर्ष 2023 के 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने यह फैसला 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार चयन समिति' की सिफारिश पर लिया। मोहनलाल अभिनेता होने के



साथ-साथ निर्देशक और निर्माता भी हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिग्गज अभिनेता, निर्देशक और निर्माता को भारतीय सिनेमा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा रहा है। इसने कहा कि मोहनलाल का सिनेमाई सफर बेहतरीन रहा है जो पीढ़ियों को प्रेरित करता है। मंत्रालय के मुताबिक, उनकी बेजोड़ व बहुमुखी प्रतिभा और अथक परिश्रम ने भारतीय फिल्म इतिहास में एक स्वर्णिम मानक स्थापित किया है। इसने कहा कि 65 वर्षीय अभिनेता को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में 23 सितंबर को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। चार दशक से अधिक के करियर में, मोहनलाल ने मलयालम, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में 350 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। मोहनलाल ने फाजिल की 'मंजिल विरिंजा पुक्कल' (1980) में एक खलनायक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित व व्यावसायिक रूप से सफल फिल्मों जैसे 'मणिचित्राथजु', 'किरीदम', 'भारतम', 'थनमथरा', 'कंपनी', 'मुंथिरिवल्लिकल थालिर्ककुम्बोल' और 'पुलिमुरुगन' में अभिनय किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोहनलाल को उत्कृष्टता और बहुमुखी प्रतिभा के प्रतीक बताते हुए दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी।

## भारत और कनाडा संबंधों में 'नया अध्याय' जोड़ने की दिशा में काम करने पर राजी



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि भारत और कनाडा द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर सहमत हुए हैं, जिसमें आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए मिलकर काम करना शामिल है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और उनकी कनाडाई समकक्ष नथाली ड्रोइन ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में व्यापक मुद्दों पर वार्ता की जिसका मुख्य उद्देश्य 2023 में एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर हुए राजनयिक विवाद के बाद गंभीर तनाव से गुजर रहे द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना था। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को वार्ता के व्यापक परिणामों की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, ''दोनों पक्ष आगे बढ़ने के रास्ते पर मिलकर काम करने और द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ने की दिशा में सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर सहमत हुए।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जून में कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के साथ बातचीत की थी। बयान के मुताबिक, बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए 'रचनात्मक' कदम उठाने पर सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने डोभाल-ड्रोइन वार्ता पर कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष कार्नी के बीच हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने का भी एक अवसर था। इसमें कहा गया है, दोनों पक्षों ने राजनीतिक नेतृत्व के उच्चतम स्तरों पर विश्वास के पुनर्निर्माण और सहयोग के विस्तार की स्पष्ट गति को स्वीकार किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बाहरी शोर को बंद करना आसान नहीं, लेकिन महत्वपूर्ण बातें सुनना भी जरूरी: सूर्यकुमार



**दुबई :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले एशिया कप सुपर 4 के महत्वपूर्ण मैच से पहले कहा कि दोनों टीम के बीच संबंधों को लेकर बाहर हो रही बातों को पूरी तरह से नजरअंदाज करना मुश्किल है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही स्पष्ट किया कि इनमें से कुछ बातें महत्वपूर्ण भी हो सकती हैं। पिछले रविवार को इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ नाबाद 47 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने वाले भारतीय कप्तान ने न तो टॉस के समय विपक्षी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ मिलाया और न ही उस दिन छक्का लगाकर मैच समाप्त करने के बाद खेल के अंत में उनसे हाथ मिलाया। पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाने और जीत को भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करने के उनके कदम से सुपर 4 मुकाबले से पहले तनाव बढ़ गया। तो फिर बाहरी शोर को बंद करने का तरीका क्या है? इस सवाल के जवाब में सूर्यकुमार ने कहा, ''अपना कमरा बंद करो, अपना फोन बंद करो और सो जाओ। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छी बात है। यह कहना आसान है, लेकिन कभी-कभी यह मुश्किल होता है क्योंकि आप बहुत सारे दोस्तों से मिलते हैं। आप डिनर के लिए बाहर जाते हैं और आपके साथ बहुत सारे खिलाड़ी होते हैं जो ये सब चीजें देखना पसंद करते हैं, इसलिए यह बहुत मुश्किल है।''

# मंधाना की शानदार पारी के बावजूद भारत ऑस्ट्रेलिया से श्रृंखला गंवाया

**नयी दिल्ली :** स्मृति मंधाना की तूफानी शतकीय पारी भी भारत को जीत नहीं दिला सकी। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 43 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 412 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो भारत के खिलाफ उसका अब तक का सर्वाधिक है। बेथ मूनी ने सिर्फ 79 गेंदों में 138 रन की शतकीय पारी खेली, जिसमें 23 चौके और एक छक्का शामिल था। इसके अलावा जॉर्जिया वोल ने 81 और एलिस पैरी ने 68 रन बनाए। भारतीय गेंदबाज पूरे मैच में बेअसर दिखे और क्षेत्ररक्षण की कमजोरियों से टीम को भारी नुकसान झेलना पड़ा। जवाब में भारत ने भी जोरदार



बल्लेबाजी की। मंधाना ने 63 गेंदों में 125 रन की आतिशी पारी खेली और वनडे क्रिकेट में किसी भी भारतीय का सबसे तेज शतक (50 गेंद) जड़ा। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (52 रन) के साथ 121 रन की साझेदारी की। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने 72 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज लगातार विकेट गंवाते रहे। नतीजतन भारत 369 रन पर ऑलआउट हो गया। अगर भारत यह लक्ष्य हासिल कर लेता तो वह महिला वनडे इतिहास में सबसे बड़े सफल रन-चेज़ का नया रिकॉर्ड बना देता। अभी यह रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम है, जिसने 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 302 रन का पीछा किया था। मंधाना ने शानदार शतक लगाकर न सिर्फ अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि वह महिला वनडे क्रिकेट में दूसरी सबसे तेज शतक जड़ने वाली खिलाड़ी भी बन गईं। उनसे तेज शतक केवल ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग (45 गेंद) ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था। कोटला की पिच पर रन बरसते रहे। पूरे मैच में कुल 99 चौके और 12 छक्के लगे। भारत ने जहां 60 चौके और पांच छक्के लगाए, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 39 चौके और सात छक्के जड़े। निर्णायक क्षणों में विकेट गंवाने के कारण भारत जीत से महरूम रह गया और ऑस्ट्रेलिया ने लगातार 11वीं द्विपक्षीय श्रृंखला अपने नाम कर ली।

## दोस्त अभिषेक ने शुभमन को कराया स्पिन के खिलाफ अभ्यास

**दुबई :** शुभमन गिल अभ्यास के प्रति जुनूनी हैं और पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मुकाबले से पहले हुए वैकल्पिक नेट सत्र में भी वह खुद को नेट्स पर जाने से नहीं रोक पाए जबकि उनके साथियों ने आराम करने को तरजीह दी थी।



दुबई से अबुधाबी की दो घंटे की थकाऊ यात्रा और भीषण गर्मी में 40 ओवर खेलने के बाद भारतीय टीम के 12 खिलाड़ियों ने आराम करने का फैसला किया। लेकिन गिल जानते हैं कि वह अपने ही मानकों से काफी पीछे हो गए हैं क्योंकि उन्होंने तीन ग्रुप मैच में सिर्फ 35 रन बनाए हैं। इस एशिया कप में साफ दिखा कि उन्हें स्पिन के खिलाफ दिक्कत हो रही है। और जब गिल को नेट सत्र के दौरान मदद की जरूरत पड़ी तो उनके मित्र अभिषेक शर्मा बाएं हाथ के स्पिनर बन गए और थ्रोडाउन विशेषज्ञों के साथ मिलकर उन्हें लंबे समय तक अभ्यास कराया। अभिषेक लगातार आर्म बॉल और सपाट गेंदें फेंकते रहे। गिल ने स्वीप करने की कोशिश की लेकिन वह पूरी तरह से असफल रहे।

## सात्विक-चिराग चाइना मास्टर्स फाइनल में

**शेनझेन (चीन) :** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली।



एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में मलेशिया के पूर्व विश्व चैंपियन आरोन चिया और सोह वूई यिक को सीधे गेम में 21-17, 21-14 से मात दी। पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने वाली भारतीय जोड़ी का यह लगातार दूसरा फाइनल होगा। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की जोड़ी किम वोन हो और सियो सियुंग जाए से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी को हराया। सात्विक और चिराग का रिकॉर्ड मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ इससे पहले 4-11 था, लेकिन हाल के महीनों में भारतीयों ने उन पर दबदबा बनाया है। सेमीफाइनल में सात्विक ने जोरदार स्मैश लगाए और चिराग ने फ्रंट कोर्ट पर बेहतरीन नियंत्रण दिखाया।

## अबु हुबैदा और प्रेम कुमार की जोड़ी ने चीन पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता

**बीजिंग :** भारत के अबु हुबैदा और प्रेम कुमार एले की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष पैरा बैडमिंटन जोड़ी ने सेमीफाइनल में चीन के माई जियानपेंग और क्यू जिमो से 4-21, 10-21 से हारने के बाद शनिवार को यहां चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय में डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 वर्ग में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी दो जीत और एक हार के साथ ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने



ऑस्ट्रेलिया के नांग न्गुयेन और चीनी ताइपे के यू यू ओंग की जोड़ी को 21-6, 21-10 से तथा भारत के हारिस मैथिली श्रीकुमार और चेक गणराज्य के जिबनेक सिकोरा की जोड़ी को 21-10, 21-12 से हराया। ग्रुप चरण में उन्हें एकमात्र हार (12-21, 9-21) जापान के डाइकी काजीवारा और कीता निशिमुरा के खिलाफ मिली। डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 व्हीलचेयर पर निर्भर खिलाड़ियों के लिए है।

### असम में विश्व स्तरीय फुटबॉल अकादमी का जुबिन का सपना रहा अधूरा

**गुवाहाटी :** उनके गीत लाखों करोड़ों को थिरकने पर मजबूर कर देते थे तो वह खुद फुटबॉल के खेल के दीवाने थे और संगीत के अलावा खेल जुबिन गर्ग के दिल के बेहद करीब रहे। फुटबॉल के मुरीद जुबिन का दुनिया के शीर्ष संस्थानों की तर्ज पर यहां एक रिहायशी फुटबॉल अकादमी खोलने का सपना अधूरा ही रह गया। 52 वर्ष के जुबिन का शुक्रवार को सिंगापुर में बिना जीवनरक्षक जैकेट के समुद्र में तैरते समय निधन हो गया था। प्रदेश में 'सेलिब्रिटी' फुटबॉल मैचों में भाग लेने से लेकर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट देखने तक उनके फुटबॉल प्रेम के बारे में सभी को पता था। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने पीटीआई से कहा ,'' जुबिन फुटबॉल के दीवाने थे। उन्होंने मुझे बताया था कि वह गुवाहाटी में फुटबॉल क्लब बनाने में मदद कर रहे हैं और वह यहां फुटबॉल की शीर्ष स्तरीय अकादमी भी बनाना चाहते थे।'' उन्होंने कहा ,'' जब भी कोई सेलिब्रिटी फुटबॉल मैच होता तो वह इसका हिस्सा जरूर होते।' सैकिया ने कहा ,'' गुवाहाटी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच होने पर भी वह देखने आते थे। वह क्रिकेट से जुड़े कार्यक्रमों का भी हिस्सा रहते।'' गुवाहाटी खेल संघ के महासचिव सैकिया ने कहा कि जुबिन को श्रद्धांजलि देने के लिये अगले दो दिन जीसीए का कोई मैच नहीं होगा।







वर्ष 10, पूर्णांक 3364 अंक 174, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in